संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

14 मार्च 2026, शनिवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 163

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली ।** राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने 1980 में वोटर लिस्ट में कथित रुप से नाम जुड़वाने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करने वाली याचिका मजिस्ट्रेट कोर्ट से खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई टाल दी।

# एलपीजी की किल्लत, बढ़ती कीमतों पर झारखंड विधानसभा में हंगामा





**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्य में एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमत और कथित किल्लत को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष के विधायक अपने स्थान पर खड़े होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

सत्ता पक्ष के विधायकों ने गैस की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति में कमी का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की। इस दौरान विधायक प्रदीप यादव ने हाथों में अखबार लहराते हुए कहा कि राज्य में लोग गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की किल्लत के कारण कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना भी प्रभावित हो रही है। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह व्यवस्था से जुड़ा मामला है और सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सदन में बेवजह हंगामा कर रही है।

विधायक सरयू राय ने भी कहा कि यह मूल रूप से व्यवस्था से संबंधित विषय है और इसे लेकर सदन में अनावश्यक शोर-शराबा किया जा रहा है। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता बहस में शामिल नहीं होते और वहां से बाहर चले जाते हैं, जबकि यहां उनके नेता हंगामा कर रहे हैं।

लगातार हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस प्रश्न को यहीं छोड़ दिया जाए और सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए। इसके बाद कार्यसूची के अनुसार सदन की अगली कार्यवाही शुरू कराई

## रिक्शे से विधानसभा पहुंचे मंत्री इरफान अंसारी व शिल्पी



**रांची ।** झारखंड विधानसभा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शुक्रवार को रिक्शे से विधानसभा पहुंचे।

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी खुद रिक्शा चला रहे थे। जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रिक्शे में बैठी थीं और उनके हाथों में विरोध से जुड़ी तख्तियां थीं। तख्तियों पर पेट्रोल डीजल की मार, जनता हो रही लाचार और महंगी गैस-महंगा तेल, आम आदमी हुआ फेल जैसे नारे लिखे थे।

विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्रियों ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे आम जनता काफी परेशान है और गरीब परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है।

## हर घर में एक ही सवाल, एलपीजी सिलेंडर कहां से मिलेगा : दीपिका



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बाहर एलपीजी की कथित किल्लत को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज देश की आम जनता गंभीर संकट से गुजर रही है। आज हर घर में एक ही सवाल है कि एलपीजी सिलेंडर कहां से मिलेगा और वाहन चलाने के लिए पेट्रोल-डीजल कैसे खरीदा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के सामने नरेंद्र मोदी सरकार झुक गई है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि एलपीजी की किल्लत का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर पर निर्भर छोटे-बड़े कारोबार प्रभावित हो रहे हैं और इसका असर आम लोगों के किचन तक पहुंच चुका है। दीपिका पांडेय सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार असली मुद्दों से ध्यान हटाकर केवल नारों और प्रतीकों की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष के नेताओं ने कई बार गैस संकट का मुद्दा उठाया, लेकिन सरकार इस पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है।

### गैस की किल्लत से मंदिरों में भोग व स्कूलों में मिड-डे मील बंद : प्रदीप यादव

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्य में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी गैस की किल्लत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में पेट्रोल-डीजल और गैस की भारी कमी हो गई है, जिसका असर आम लोगों के साथ-साथ धार्मिक और शैक्षणिक संस्थानों पर भी पड़ रहा है। प्रदीप यादव ने कहा कि एलपीजी गैस की किल्लत की वजह से कई मंदिरों में भोग बनना बंद हो गया है और स्कूलों में मिड-डे मील भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को यह किल्लत दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के सामने घुटने टेक दिए हैं और इसका असर देश की नीतियों पर दिख रहा है। प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड की जनता की परेशानी का संदेश प्रधानमंत्री तक पहुंचना चाहिए।

## वैश्विक संकट से निपटने में भारत कोई कसर नहीं छोड़ रहा, कुछ लोग इसे पैनिक बना रहे : मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने ईरान के खिलाफ इजराइल-अमेरिका की संयुक्त लड़ाई के बाद आए वैश्विक संकट को लेकर प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। जिसमें लिखा- आज युद्ध के चलते जो वैश्विक संकट बना है, उससे निपटने में भारत कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। आजकल बहुत चर्चा एलपीजी को लेकर हो रही है। कुछ लोग हैं जो पैनिक क्रिएट करने की कोशिश कर रहे हैं, अपना एजेंडा चलाना चाहते हैं। मैं इस समय उन पर राजनीतिक टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि ऐसा करके वह जनता के सामने खुद तो एक्सपोज ही कर रहे हैं और देश का भी बड़ा नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज युद्ध से जो ये वैश्विक संकट आया है, उसके प्रभाव से कोई देश अछूता नहीं है। कम या अधिक मात्रा में हर कोई शिकार है। भारत सरकार भी इस संकट से निपटने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। हम अलग-अलग स्तरों पर कोशिश कर रहे हैं। बीते दिनों दुनिया के कई देशों के शीर्ष नेताओं से मेरी बातचीत हुई है। सप्लाई चेन में जो बाधाएं आई हैं, उनसे हम कैसे पार पाएं, इसके लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस वैश्विक संकट ने एक बार फिर दिखाया है कि किसी भी देश का आत्मनिर्भर होना इतना ज्यादा जरूरी क्यों है। इसलिए ही बीते सालों में हमने भारत को एनर्जी सेक्टर्स में आत्मनिर्भर बनाने के लिए होलिस्टिक तरीके से काम किया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि हम इस वैश्विक संकट को भी पार कर लेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा कि मैं फिर दोहराउंगा जहां तक सरकार का प्रश्न है, हम किसी भी प्रकार के प्रयत्न या प्रयास में कोई कमी नहीं आने देंगे। हमारे हर फैसले में जनता का हित सर्वोपरि रहेगा।

## मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस को 1,485 आधुनिक वाहन सौंपे, 12 नए थानों का किया शिलान्यास

### कहा-अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर होंगे





**संवाददाता**

**रांची ।** राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर, रांची में आयोजित एक समारोह में झारखंड पुलिस को कुल 1,485 आधुनिक वाहनों का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित होने वाले 12 नए थानों का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर इन नए थानों की आधारशिला रखी और हरी झंडी दिखाकर पुलिस के लिए आवंटित वाहनों को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शांति, कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी पुलिस की है। इन्हें सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक वाहनों का यह लोकार्पण एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि नए वाहनों की उपलब्धता से पुलिस बल की गतिशीलता, प्रतिक्रिया क्षमता और क्षेत्रीय निगरानी में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन आधुनिक वाहनों और नए थानों की उपलब्धता से पुलिस की कार्यक्षमता, प्रतिक्रिया समय तथा क्षेत्रीय निगरानी तंत्र में गुणात्मक सुधार होगा, जिससे आम जनता को त्वरित एवं विश्वसनीय सुरक्षा सेवाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में राज्य में बेहतर निगरानी व्यवस्था विकसित होगी और अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आधुनिक वाहनों का बेड़ा झारखंड पुलिस को एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। यह 25 वर्ष पूरे कर चुके झारखंड के सफर में पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक से लैस वाहनों और संसाधनों के माध्यम से पुलिस विभाग अपने कार्य के नए आयामों को छूने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में घटित घटनाओं को लेकर झारखंड पुलिस ने कई मामलों में त्वरित एवं सार्थक कार्रवाई की है, जिससे जनता का विश्वास मजबूत हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### एलपीजी संकट और 8 सांसदों के निलंबन पर लोकसभा में हंगामा

**नई दिल्ली ।** एलपीजी संकट और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। दोपहर 2 बजे जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी करते हुए 'अरे मोदी जी, एलपीजी' के नारे लगाए और एलपीजी किल्लत तथा अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव पर चर्चा की मांग की। सदन में हंगामें के बीच ही वित्त मंत्री ने अनुपूरक अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब दिया और कहा कि हंगामा करना दुर्भाग्यपूर्ण है, फिर भी सरकार अपनी प्रतिबद्धता को निभाएगी।

### ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने को लेकर दोनों सदनों में दिया गया नोटिस

**नई दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा में प्रस्ताव दिया गया है। यह प्रस्ताव 10 पन्नों का है जिसमें 7 कारण गिनाए गए हैं, जिनके आधार पर ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। लोकसभा में दिए गए नोटिस में सदन के 130 सदस्यों और राज्यसभा में दिए गए नोटिस में 63 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। नियमों के कारण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

### झारखंड में तापमान पहुंचा 39 डिग्री के पार

**रांची ।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मार्च महीने में ही डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान बढ़कर 39.2 डिग्री के पार पहुंच गया है। आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य के कई जिलों में तापमान 36 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया है। राज्य में सबसे अधिक गर्म जिले चाईबासा, सरायकेला और जमशेदपुर हैं, जहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया।

## राजमहल : गंगा नदी में मिला दो सगे भाई का शव

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**राजमहल–** राजमहल थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देनी वाली घटना सामने आया है. जहां गंगा नदी में डूबने से दो मासूम सगे भाई की मौत हो गई है.वही दो बालक की हुई मौत के बाद घर व गांव में मातम पसरा हुआ है. मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के यौगिचक सरकंडा गांव निवासी सिंटू कुमार चौरसिया मुंबई में रहकर मजदूरी का काम करते हैं. वह अपने घर ती साल बाद होली में आया था. गुरुवार को दोपहर से उनके दोनों पुत्र आर्यन कुमार चौरसिया उम्र 9 वर्ष व राघव कुमार चौरसिया उम्र 8 वर्ष लापता था.परिजनो ने दोनो को काफी खोजबीन किया. परंतु किसी प्रकार का कोई पता नहीं चला. लोग इस प्रकार का भी आशंका लग रहे थे कि बाहर से आए हैं. इस क्षेत्र के बारे में नहीं जानकारी है.तो कहीं भटक गए हैं. दोनो बालक का चप्पल गंगा किनारे किसी व्यक्ति ने देख कर घर लालो को सूचना दी.जिसकी सूचना राजमहल थाना पुलिस को भी दिया गया था.मामले की सूचना मिलते ही राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी गुरुवार की रात में ही गंगा में जाल के माध्यम से बालको की खोजबीन की लेकिन सफलता नही मिली.शुक्रवार को गोताखोर की मदद से दोनो भाई का शव बरामद किया. वहीं परिजनों ने आकर देखा कि उनके घर के दो मासूम सगे भाई आर्यन व राघव का शव है.पुलिस ने दोनों भाई के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया

## एसीबी ने 10 हजार घूस लेते देवघर के प्रधान लिपिक और अनुसेवक को किया गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर,दुमका:** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो दुमका की टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए देवघर जिला भू-अर्जन कार्यालय के प्रधान लिपिक निरंजन कुमार और अनुसेवक नुनुदेव प्रसाद यादव को 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद जब प्रधान लिपिक के सरकारी आवास की तलाशी ली गई, तो वहां से 3,19,800 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह पूरा मामला जमीन अधिग्रहण के मुआवजे से जुड़ा है। देवघर के कुण्डा थाना क्षेत्र के गौरीपुर निवासी 65 वर्षीय ब्रह्मदेव यादव की जमीन बाईपास रोड निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। इस जमीन के बदले उन्हें 4,41,000 रुपये का मुआवजा मिलना था। आरोप है कि इस राशि के भुगतान के बदले प्रधान लिपिक निरंजन कुमार द्वारा 5 प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही थी। पीड़ित ब्रह्मदेव यादव रिश्वत नहीं देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने इसकी शिकायत एसीबी दुमका से की।

मुआवजे की राशि दिलाने के एवज में 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद शुक्रवार को जाल बिछाकर कार्रवाई की गई। प्रधान लिपिक के कहने पर जैसे ही परिवादी ने अनुसेवक नुनुदेव प्रसाद यादव को रिश्वत के 10,000 रुपये दिए,




पहले से तैयार एसीबी की धावादल ने दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम ने प्रधान लिपिक निरंजन कुमार के देवघर स्थित सरकारी आवास पर छापेमारी की। इस दौरान अलमारी और अन्य जगहों से कुल 3 लाख 19 हजार 800 रुपये नकद बरामद हुए, जिसे टीम ने विधिवत जब्त कर लिया है। फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## आईएएस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिल्ली में फ्लैट खरीदेगी सरकार : चमरा लिंडा



**संवाददाता**

**रांची ।** विधानसभा बजट सत्र की दूसरी पाली में आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य में आदिवासियों का शोषण रोकना होगा। उन्होंने भाजपा पर आदिवासियों को धोखा देने का आरोप लगाया। मंत्री चमरा लिंडा शुक्रवार को सदन में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्यांण विभाग और महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से सदन में जवाब दे रहे थे।

मंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति के 900 करोड़ रुपये अबतक केंद्र सरकार के पास बाकी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधन विकसित कर और नियमों को शिथिल कर छात्रवृत्ति देने का प्रयास कर रही है। इसपर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के जनजातीय हॉस्टल पर बात होनी चाहिए कि वहां जाकर देखना चाहिए कि बच्चे किस हालत में रह रहे हैं। छात्राओं के हॉस्टल में नाइट गार्ड और रसोइया तक नहीं हैं। गैस का कनेक्शन भी नहीं है।

मंत्री ने कहा कि आईएएस की तैयारी के लिए दिल्ली में फ्लैट खरीदा जाएगा, जहां राज्य के छात्र रहकर यूपीएससी की कोचिंग कर सकेंगे। हर जिले में तीन मंजिला कोचिंग लाइब्रेरी और कल्चर हॉल बनाया जाएगा। प्रत्येक हॉस्टल में मुफ्त भोजन के साथ लाइब्रेरियन, कुक और गार्ड की व्यवस्था की जाएगी। बिरसा मुंडा की स्मृति में 40 करोड़ रुपये की लागत से संग्रहालय बनाया जाएगा।

### झारखंड में 600 डॉक्टरों की होगी बहाली : इरफान अंसारी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े सवालों पर जवाब देते हुए झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए सरकार बड़े पैमाने पर नियुक्ति की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य के लिए करीब 600 डॉक्टरों की बहाली की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### विधायक एमटी राजा ने सड़क की बदहाल स्थिति का मुद्दा सदन में उठाया



**रांची।** बजट सत्र के दौरान राजमहल विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़क का मामला सदन में उठाया गया। राजमहल के विधायक मोहम्मद ताजमुद्दीन ने साहिबगंज जिले में सकरी गली से साक्षरता मोड़ तक सड़क की खराब स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। विधायक ने कहा कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है और कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके कारण आम जनता, मरीजों, छात्रों और व्यापारियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब हालत के कारण इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए इस सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाना जरूरी है।

## टीप चटर्जी बनीं देवघर की डिप्टी मेयर

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम में डिप्टी महापौर के चयन की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हुई। इस दौरान वार्ड संख्या 5 की पार्षद टीप चटर्जी को ड्यूटी महापौर चुना गया। उन्होंने अपनी निकट प्रतिद्वंद्वी अर्पणा झा को हराया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण से हुई। पहले मेयर और सभी वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद ड्यूटी महापौर के चयन के लिए मतदान कराया गया। मतदान प्रक्रिया में वार्ड संख्या 1 से 36 तक के पार्षद



उपस्थित रहे।

वोटिंग के बाद परिणाम घोषित किया गया, जिसमें टिप चटर्जी को बहुमत मिला। चयन के बाद उपस्थित पार्षदों और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। नगर निगम में ड्यूटी महापौर के चयन को लेकर यह प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

## शपथ से पहले नप ने निकाला टेंडर, अध्यक्ष की आपत्ति के बाद रद्द

**सुमन सिंह**

**दुमका ।** दुमका नगर परिषद में निकाले गए एक टेंडर को लेकर विवाद हो गया और नव निर्वाचित अध्यक्ष की आपत्ति के बाद टेंडर को आनन-फानन में रद्द करना पड़ा।दुमका में नगर निकाय चुनाव हो चुका है पर अभी नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण होना बाकी है।इस बीच दुमका नगर परिषद के प्रशासक ने शहर में दारूका पेट्रोल पंप के वाहन पार्किंग से दोपहिया और चार पहिया वाहनों से शुल्क वसूली के डाक के लिए टेंडर निकाल दिया था।यह टेंडर 12 मार्च को निकाला गया जिसमें डाक की तिथि 28 मार्च को रखी गई थी।बता दें कि 23 फरवरी को नगर निकाय का चुनाव और मतगणना 27 फरवरी को हुई थी।20 मार्च को नवनिर्वाचित अध्यक्ष और वार्ड सदस्यों का शपथ ग्रहण होना है। नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने नगर परिषद के प्रशासक के समक्ष यह आपत्ति जताई कि शपथ ग्रहण से पहले किस परिस्थिति में और किसके आदेश पर टेंडर निकाला गया।नगर परिषद के अध्यक्ष श्री चौरसिया की आपत्ति के बाद नप प्रशासक ने वाहन पार्किंग शुल्क वसूली के डाक के टेंडर को परिहार्य कारण बताते हुए रद्द कर दिया।

इस संबंध में पूछे जाने पर नव निर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने बताया कि नगर परिषद का चुनाव हो चुका है तो बिना बोर्ड की अनुमति का टेंडर निकालने का क्या औचित्य है।इस सम्बन्ध में उन्होंने अपनी आपत्ति से नगर परिषद के अधिकारी से बात की थी।अभिषेक चौरसिया ने कहा कि विगत कई साल से वाहन पार्किंग का टेंडर एक ही व्यक्ति को दिया जा रहा था, जिसकी जांच भी होगी।

## पीरियड्स लीव पर छुट्टी की याचिका पर सीजेआई का सुनवाई से इनकार

### कहा-कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिलाओं कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा, ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है।

# आरक्षण बढ़ाने की चुनावी घोषणा बढ़ा रही कागजी सुंदरता : नीरा यादव



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को विधायक नीरा यादव ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं महिला, बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा विभाग के बजट आवंटन पर लाए गए कटौती प्रस्ताव के पक्ष में अपनी बातें रखीं।उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन चुनाव जीतने और सत्ता में आने के बाद यह घोषणा सिर्फ कागजी सुंदरता तक ही सीमित रह गई है। सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।विधायक ने कहा कि सत्ता पक्ष को दिल्ली फोबिया हो गया है और उन्हें अच्छे डॉक्टर से दिखाने की जरूरत है। सत्ता पक्ष को यह भी समझना चाहिए कि पहले वृद्ध पेंशन 600 रुपये मिलती थी और इसी तरह दिव्यांगजनों को भी 600 रुपये ही पेंशन मिलती थी, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह करने का काम किया था। अब समय के साथ इसे और बढ़ाने की जरूरत है।विधायक नीरा यादव ने कहा कि आज साहेबगंज, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा सहित कई जिलों में ओबीसी आरक्षण को घटाकर शून्य कर दिया गया है, जो एक बड़ा सवाल है और इस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग में भी आरक्षण लागू करने की बात कही गई थी, लेकिन यह धरातल पर नहीं दिखाता। ओबीसी, एसटी और एससी जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि स्थानीय स्तर पर शिविर लगाकर जाति प्रमाण-पत्र बनाने की सुविधा दी जाए, ताकि छात्रों को अंचल और प्रखंड कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने कहा कि शून्य से लेकर 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बजट में कई कल्याणकारी योजनाएं शामिल करते हुए सरकार ने बजट प्रस्तुत किया है, लेकिन धरातल पर इन योजनाओं का असर दिखाई नहीं देता।उन्होंने कहा कि आज आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है और कई बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि कोडरमा में आदिवासी छात्रावास की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रावासों में बच्चों को बासी भोजन तक परोसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जामताड़ा में 13 वर्ष की एक बच्ची की मौत का मामला भी सामने आया है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही को दर्शाता है।इस दौरान विधायक प्रदीप ने बीच में हस्तक्षेप किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें अपने समय का इंतजार करने की नसीहत दी। इसके बाद सदन में कुछ समय के लिए हंगामा भी हुआ।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 13 वें दिन शुक्रवार को सदन में वकीलों की सुरक्षा को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग एक बार फिर उठी। हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में सवाल उठाते हुए पूछा कि राज्य में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर सरकार क्या पहल कर रही है।इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि यह मामला इंडियन बार काउंसिल से जुड़ा हुआ है और इस पर विभिन्न स्तरों पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल इस संबंध में सरकार ने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। लेकिन अधिवक्ताओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।इस दौरान विधायक सीपी सिंह ने भी सरकार से सवाल किया कि सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बनाने जा रही है या नहीं और यदि बना रही है तो इसे कब तक लागू किया जाएगा।इसके जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। किसी भी तरह की घटना होने पर सरकार कार्रवाई करती है और वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

## जमीन म्यूटेशन और भू-राजस्व व्यवस्था पर सदन में जोरदार बहस, विधायक राजेश कच्छप ने उठाया सवाल



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13 वें दिन शुक्रवार को सदन में जमीन म्यूटेशन और भू-राजस्व व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। विधायक राजेश कच्छप ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि दिसंबर 2000 से पहले जमीन खरीदने वाले कई लोग अब तक म्यूटेशन नहीं करा पाए हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि ऐसे मामलों के समाधान के लिए क्या व्यवस्था की गई है।इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि वर्तमान में रजिस्ट्री के बाद जमीन का विवरण ऑटो जेनरेटेड प्रक्रिया के माध्यम से सीधे रजिस्ट्री कार्यालय से अंचल कार्यालय तक पहुंचता है और वहीं से म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है।उन्होंने कहा कि जो लोग किसी कारणवश म्यूटेशन नहीं करा पाए हैं, उन्हें भूमि उप समाहर्ता (एलआरडीसी) के यहां आवेदन देना होगा। जांच के बाद उनके मामले का निष्पादन किया जाएगा।इस पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अंचल कार्यालयों में अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याएं नहीं सुनी जातीं। उन्होंने कहा कि कई बार विधायक की ओर से फोन करने के बाद भी काम नहीं होता।वहीं, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी भू-राजस्व व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जमीन की रसीद कटवाने के लिए लोगों से पैसे की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रांची में जमीन खरीदी थी और म्यूटेशन कराने के लिए उससे 50 हजार रुपये की मांग की गई।वहीं, हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने सुझाव देते हुए कहा कि वर्ष 2015-16 तक मैन्युअल रसीद काटी जाती थी। भू-राजस्व विभाग को पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर, जिनकी जमीन अब तक ऑनलाइन नहीं हुई है, उन्हें ऑनलाइन करने का अभियान चलाना चाहिए।सदन में मौजूद कई सदस्यों ने अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली और कर प्रणाली पर भी सवाल उठाए। इसी दौरान विधायक अमित यादव ने कहा कि सोमा मुंडा के नाम से दखल-दिहानी के लिए 17 मार्च 2011 को आदेश पारित किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मामले की पुनः सुनवाई कर उसका निष्पादन कर दिया जाएगा। हालांकि विधायक ने कहा कि जब पहले से आदेश पारित है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

## अपराधियों ने युवक को मारी गोली, मौत

**चतरा।** चतरा सिमरिया मुख्य पथ में नवोदय विद्यालय के समीप अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की देर शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस आसपास के इलाकों में हमलावरों के धर पकड़ के लिए अभियान चला रही है। इस घटना की पुष्टि चतरा सदर थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने की है।मिली जानकारी के अनुसार घटना चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग पर स्थित नवोदय विद्यालय के समीप चिरैतवा इलाके की है। देर शाम अज्ञात अपराधियों ने चतरा कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे युवक हजारीबाग जिला के केरीडारी थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी कुशियाल साव का पुत्र करमजीत कुमार उर्फ विकास साव गोली चला दी। मृतक युवक नाबालिग से प्रेम प्रसंग के एक मामले में गवाही देने चतरा व्यवहार न्यायालय आया हुआ था।

## थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी खून चढ़ाने पर रिक्शा नौटंकी क्यों नहीं किया इरफान अंसारी ने :आदित्य साहू

### शिल्पी नेहा तिर्की धान खरीद की चिंता करती तो ज्यादा अच्छा होता



संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू ने आज विधानसभा सत्र के दौरान राज्य सरकार के दो मंत्री इरफान अंसारी और शिल्पी नेहा तिर्की की नौटंकी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। साहू ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी नौटंकी मंत्री बन गए हैं। इनकी कार्यशैली में विभाग की चिंता नहीं है बल्कि अपनी विफलताओं की छुपाने केलिए ये अपने बयानों से ,अपने उल्टे हरकतों से जनता को दिग्भ्रमित करते हैं।कहा कि यदि रिक्शे की सवारी करनी ही थी तो उस दिन करते जिस दिन एक पिता को अपने बेटे की लाश झोले में भरकर ले जानी पड़ी। थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाकर मौत के मुंह में जाने को विवश कर दिया। गरीबों को एम्बुलेंस नसीब नहीं हो रहा। गर्भवती महिला को खटिया पर लादकर गरीब हॉस्पिटल लाने को मजबूर हैं। ऐसे में इन गरीबों को रिक्शा भी उपलब्ध करा देते तो मंत्री जी की बहादुरी मानी जाती ।लेकिन इरफान अंसारी को गरीबों की सेवा से कोई मतलब नहीं।ये तो केवल नौटंकी करने, सरकारी सुविधा पाने ,राज्य को लूटने केलिए मंत्री बने हैं। साहू ने कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की पर भी निशाना साधते हुए कहा कि किसानों के हित की चिंता कब करेंगी कृषि मंत्री।4 महीने बीत जाने के बाद भी किसानों के धान नहीं खरीदे जा सके।राज्य सरकार के आंकड़े बता रहे कि अभी तक झारखंड के किसानों से 50त्न धान की खरीद हुई है। खरीदे गए धान के पैसे जिसे तुरंत भुगतान करना था वो अभी तक बकाए हैं। कहा कि 3200 रुपए क्विंटल धान खरीदने और 450 रुपए में सिलिंडर देने के वादे करके सत्ता में आई हेमंत सरकार वादों को पूरी तरह भुला दिया। साहू ने कहा कि राज्य सरकार सुनियोजित तरीके से गैस की किल्लत को प्रचारित कर रही ।दुष्प्रचार के कारण जनता में भय व्याप्त हो रहा। राज्य सरकार की ओर से विरोधाभासी बयान आ रहे।मंत्री प्रदर्शन कर रहे और अधिकारी बता रहे कि कोई किल्लत नहीं।कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बार बार अपने गैर जिम्मेदाराना हरकत से बाज आए।उन्होंने झारखंड की जनता से ऐसे सरकार के नौटंकीबाज मंत्रियों की नौटंकी से दिग्भ्रमित नहीं होना चाहिए।कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता के हित की चिंता है। देश के हित में सभी आवश्यक निर्णय लिए जा रहे। देश में गैस की कोई किल्लत नहीं है।

## झारखंड के 18.8 लाख किसानों को मिली पीएम किसान स मान निधि की 22वीं किस्त

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुक्रवार को देशभर के 9.32 करोड़ किसानों को जिसमें झारखंड के 18.8 लाख किसान भी शामिल हैं, को पीएम किसान स मान निधि का 22वीं किस्त किसानों के खाते में भेजे जाने का प्रदेश भाजपा ने स्वागत किया है।प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार गांव गरीब किसान के कल्याण केलिए संकल्पित और समर्पित है।उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसान स मान निधि जो प्रतिवर्ष तीन किस्तों को मिलाकर छह हजार रुपये होती है, किसानों को बड़ी राहत प्रदान करती है। किसान खाद, बीज कीटनाशक दवाइयां खरीदने केलिए उधार और कर्ज लेने के लिए विवश नहीं है। समय पर किसान स मान निधि मिलने से किसान उसका कृषि कार्य में सदुपयोग भी करते हैं।साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति झारखंड के किसानों की ओर से आभार प्रकट किया।

## विधायक निसात आलम ने उठाया स्वास्थ्य केंद्र को चालू करने की मांग



संताल एक्सप्रेस

**बरहरवा ।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में विधायक निसात आलम ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में अहम मुद्दा उठाया. उन्होंने बरहरवा प्रखंड अंतर्गत श्रीकुंड पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीकुंड एवं आहूतग्राम पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहमतपुर को जल्द चालू कराने की मांग की. इस संबंध में उन्होंने विभागीय मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा.मिली जानकारी के अनुसार दोनों स्वास्थ्य केंद्रों के भवन बनकर तैयार हैं. लेकिन डॉक्टर, एएनएम और पारामेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण ये अस्पताल अब तक चालू नहीं हो पाए हैं. इसको लेकर जिले के डीसी द्वारा आवश्यक पदों का सृजन कर प्रस्ताव राज्य मुख्यालय को भेजा जा चुका है.विधायक निसात आलम ने कहा कि यदि इन दोनों अस्पतालों में डॉक्टर, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति कर दी जाती है तो क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी. साथ ही इलाज के लिए लोगों को पश्चिम बंगाल और अन्य दूरस्थ स्थानों पर जाने की मजबूरी से भी राहत मिलेगी.उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर विभागीय मंत्री तथा अपर मुख्य सचिव से भी बातचीत हुई है. दोनों अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जिले के डीसी से रिपोर्ट मंगवा ली गई है. और जल्द ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर दोनों स्वास्थ्य केंद्रों को चालू करने की दिशा में कदम उठाया जाएगा.विधायक ने यह भी कहा कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के अन्य अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को दूर करने को लेकर भी विभागीय मंत्री से चर्चा की गई है.मंत्री ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा. ताकि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके.

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम स्थापित अधिनियमों के अनुसार ही करें : के. रवि

संताल एक्सप्रेस

**रांची।**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए कोई स्थान नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गहन पुनरीक्षण हेतु प्रत्येक बिंदु अधिनियमों में वर्णित है। पदाधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी कार्य अथवा निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित किए गए स्थापित अधिनियमों के अनुसार ही करें। श्री के. रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के समय एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं डुप्लीकेट की सूची अलग से प्रकाशित की जाएगी। इस सूची को डिजिटलाइज्ड करने का कार्य ससमय पूरा करें। एएसडीडी सूची को संबंधित मतदान केंद्र के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से सत्यापित कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पूर्व तैयारियों के अद्यतन स्थिति एवं समन्वय हेतु बैठक अवश्य कर लें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे लक्ष्य के साथ कार्य करना है। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर घर जाने के क्रम में उस घर के मुखिया एवं उस घर में रह रहे सदस्यों की भी एक सूची बना लें जिससे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वैसे मकान जिनका मकान संख्या नहीं है उसे नोशनल नंबर देकर चिन्हित करें। जिससे एक मकान में रह रहे मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर रहे। के. रवि कुमार ने कहा कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की ट्रेनिंग ससमय करा लें। ट्रेनिंग के दौरान बीएलओ से संपर्क करने के बुक ए कॉल फीचर की पूरी जानकारी दें साथ ही इसपर मतदाताओं के द्वारा किए गए सवालों एवं शिकायतों का त्वरित रूप से निष्पादन करें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मंत्री, कुलपति और विधायक ने की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को मंत्री सुदिव्य कुमार,विधायक नवीन जयसवाल और कुलपति राजीव मनोहर ने अलग-अलग मुलाकात की। रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति राजीव मनोहर ने राज्यपाल से लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।राज्यपाल ने नव-नियुक्त कुलपति को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संबंधित विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध एवं नवाचार को अधिकाधिक प्रोत्साहन मिलेगा तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां प्राप्त होंगी।राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि वे चाहते हैं कि झारखंड राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐसा वातावरण बने,जिससे अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी यहां ज्ञानार्जन के प्रति उत्साहित रहें। उन्होंने कहा कि वे राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा सभी कुलपति टीम भावना के साथ इस दिशा में समर्पित होकर प्रयास करें।राज्यपाल से मंत्री ने की मुलाकातराज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज मंत्री सुदिव्य कुमार ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने,शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने के संबंध में अपने विचार साझा किए।विधायक ने विवाह समारोह में राज्यपाल को आमंत्रित किया ।

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 38.62 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में सक्रिय साइबर अपराधियों के खिलाफ सीआईडी को बड़ी सफलता मिली है। साइबर क्राइम थाना रांची की टीम ने डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर एक व्यक्ति से करीब 38.62 लाख रुपये ठगने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई घाटशिला और कदमा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर की गई।मामला साइबर क्राइम थाना रांची में कांड संख्या 24/26 के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने सीआईडी को बताया था कि ठगों ने खुद को केंद्रीय प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर उनसे संपर्क किया। इसके बाद उन्हें एक गंभीर मामले में फंसाने और डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दी गई। गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर अपराधियों ने पीड़ित पर दबाव बनाया और अलग-अलग बैंक खातों में कुल 38.62 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इस दौरान स्थानीय पुलिस के सहयोग से तीन आरोपितों रोहित कुमार जैन, संजीव कुमार मिश्रा और लोकेश महतो को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल सीआईडी इस गिरोह के मुख्य संचालकों और उन बैंक खातों की पहचान करने में जुटी है, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम को इधर-उधर करने के लिए किया गया था। डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर लाखों रुपये के ठगी करने वाले तीन लोगों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया है।

## अमृत भारत एक्सप्रेस का स्वागत सांसद ढुल्लू महतो ने दिखाई हरी झंडी

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद(ईएमएस)।**धनबाद के रेल यात्रियों के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास रहा। दक्षिण भारत को कोयलांचल से सीधे जोड़ने वाली पोत्तनूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस का धनबाद स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। 2199 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर जब यह ट्रेन धनबाद पहुंची, तो स्टेशन का नजारा देखने लायक था।जैसे ही अमृत भारत एक्सप्रेस ने धनबाद प्लेटफॉर्म पर दस्तक दी, वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने न केवल ट्रेन का स्वागत किया, बल्कि इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।यह नई अमृत भारत एक्सप्रेस अब नियमित रूप से धनबाद और पोत्तनूर के बीच दौड़ेगी। 14 मार्च को दोपहर 2 बजे धनबाद से खुलकर यह ट्रेन बोकारो, रांची, राउरकेला, संबलपुर और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से होते हुए 16 मार्च को सुबह 11:20 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी। वर्तमान में यह सेवा साप्ताहिक आधार पर शुरू की गई है।यह ट्रेन सिर्फ एक सफर नहीं, बल्कि हजारों प्रवासी मजदूरों के लिए एक वरदान है। कोयंबटूर और तिरुप्पुर जैसे टेक्सटाइल हब में काम करने वाले झारखंड और ओडिशा के मजदूरों को अब घर पहुंचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। 22 कोच वाली इस ट्रेन में 8 स्लीपर, 11 जनरल और 2 दिव्यांग फ्रेंडली कोच लगाए गए हैं, जो सीधी, सस्ती और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करेंगे।सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि यह ट्रेन धनबाद के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेलवे का कायाकल्प हो रहा है और इस अमृत भारत एक्सप्रेस से हमारे श्रमिक भाइयों और व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

## सदर अस्पताल की रसोई में गैस का संकट, लकड़ी और कोयले के चूल्हे पर पक रहा मरीजों का खाना



संताल एक्सप्रेस

**जमशेदपुर।** परसुडीह के खासमहल स्थित सदर अस्पताल में देशभर में चल रही एलपीजी की किल्लत का असर अब अस्पताल की रसोई तक पहुंच गया है। पिछले दो दिनों से रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से अस्पताल प्रशासन और भोजन आपूर्ति करने वाले वेंडर को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि मरीजों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल की रसोई में लकड़ी और कोयले के चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है।अस्पताल परिसर के पीछे बने अस्थायी चूल्हों पर सुबह से ही रसोइये मरीजों के लिए भोजन तैयार कर रहे हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन पहले की तरह निर्धारित समय पर तैयार किया जा रहा है।अस्पताल के भोजन वेंडर ओंकार नाथ ने बताया कि पिछले दो दिनों से गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह बाधित है। कई गैस एजेंसियों से संपर्क करने के बावजूद सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को भूखा रखना संभव नहीं था, इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लकड़ी और कोयले के चूल्हे बनाकर खाना पकाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को मौखिक रूप से जानकारी दे दी गई है। हालांकि धुएं के बीच काम करना रसोइयों के लिए बेहद कठिन हो रहा है, लेकिन मरीजों की सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाना पड़ा।दिलचस्प बात यह है कि रसोई में चल रहे इस संकट का असर मरीजों की थाली तक नहीं पहुंचा है। अस्पताल में भर्ती कई मरीजों ने बताया कि उन्हें रोज की तरह समय पर भोजन मिल रहा है और खाने की गुणवत्ता में भी किसी प्रकार की कमी नहीं आई है। मरीजों ने कहा कि भोजन स्वादिष्ट और पर्याप्त मात्रा में दिया जा रहा है, जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी महसूस नहीं हो रही।वहीं अस्पताल प्रशासन के सामने यह स्थिति एक बड़ी चुनौती बन गई है। सदर अस्पताल जैसे संवेदनशील स्वास्थ्य संस्थान में स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे में लंबे समय तक लकड़ी और कोयले के चूल्हे पर भोजन बनाना व्यावहारिक नहीं माना जा रहा। धुएं और राख के कारण रसोई में स्वच्छता बनाए रखना भी कठिन हो सकता है।

## अफवाह के बीच एलपीजी सिलेंडर के लिए लंबी कतारें, कई लोग निराश लौटे

**धनबाद(ईएमएस)।** शहर में एलपीजी सिलेंडर की संभावित कमी की अफवाह के बीच शुक्रवार को विभिन्न गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर पहुंच गए और शाम तक कतार में डटे रहे। हालांकि भीड़ अधिक होने के कारण कई लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पाया और उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।कतार में खड़े लोगों का कहना था कि वे सुबह से लाइन में लगे हुए हैं, लेकिन देर शाम तक भी उन्हें गैस नहीं मिल सकी। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे दूर-दराज के इलाकों से सिलेंडर लेने के लिए आए हैं, लेकिन भारी भीड़ के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शहर के विभिन्न एलपीजी वितरकों के यहां भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिल रही है, जहां गैस लेने वालों की लंबी कतार लगी हुई है। हालांकि गैस एजेंसी संचालकों ने स्पष्ट किया कि शहर में एलपीजी सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि अफवाह के कारण लोग एक साथ बड़ी संख्या में सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, जिसकी वजह से कतारें लंबी हो रही हैं।वितरकों ने उपभोक्ताओं से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि सामान्य दिनों की तरह गैस सिलेंडर उनके घर तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके लिए एजेंसी के बाहर कतार लगाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसके बावजूद लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर पहुंचकर लाइन में खड़े हो जा रहे हैं।

## एस बी यू में शतरंज चैंपियनशिप का हुआ समापन, विजेता पुरस्कृत




**रांची ।** एस बी यू में झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 का आज समापन हुआ। इस अवसर पर रैपिड कैटेगरी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अरण्यक घोष, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली और हरि माधवन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को 75,000 रु. से पांच हजार रु. तक की राशि से पुरस्कृत किया गया।

## नगर निगम ने मांस और मिठाई की दुकानों से वसूला जुर्माना

**धनबाद।** शहर में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा को लेकर नगर निगम अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। शहर के पाथरडीह लोको बाजार में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नगर निगम के अधिकारियों की टीम अचानक होटलों, मटन-चिकन की दुकानों और मिठाई ठेलों पर जांच करने पहुंच गई। निगम की इस कार्रवाई से कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर भागते नजर आए।नगर निगम की फूड इंस्पेक्टर पूनम ज्योति और पशु चिकित्सा पदाधिकारी दीपांजली मरांडी के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई। टीम ने पाथरडीह लोको बाजार की गलियों में घूम-घूम कर खाने-पीने के सामानों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। इस दौरान केवल खाने के सामान ही नहीं, बल्कि दुकानों के होल्डिंग टैक्स और कमर्शियल लाइसेंस की भी बारी-बारी से जांच की गई।जांच के दौरान जिन दुकानों के कागजात सही नहीं पाए गए, उन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए 1500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

## पलामू में युवक की मौत के बाद बवाल शव के साथ डेढ़ घंटे तक सड़क जाम

**पलामू ।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को शव के साथ सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर कुर्मिपुर पुल के पास करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन ठप कर दिया।बताया जाता है कि कुर्मिपुर गांव निवासी निरंजन ठाकुर (35) की गुरुवार की शाम गम्हरिया गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शुक्रवार को शव के साथ सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना के एसआई सौरभ चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।वहीं अंचल अधिकारी पंकज कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को आश्वासन दिया कि आपदा प्रबंधन के तहत मृतक के आश्रितों को एक लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद राशि दी जाएगी ।

# सभी पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की जरूरत : मंत्री



**संताल एक्सप्रेस**


**गोड्डा।** जिला पर्यटन संवर्धन परिषद , गोड्डा की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने, पर्यटन स्थलों के विकास तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान झारखंड सरकार उद्योग श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री संजय यादव, विधायक बोरियो धनंजय सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री के प्रतिनिधि, उपायुक्त अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन बाघ, जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो सहित परिषद के अन्य सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।सभी ने जिले में पर्यटन क्षेत्र के विकास को लेकर अपने-अपने सुझाव एवं विचार साझा किए।बैठक में बी श्रेणी अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थल योगिनी स्थान एवं सुंदर डैम, सी श्रेणी अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थल सिंहेश्वर नाथ धाम, बायोडायवर्सिटी पार्क, बसंतराय तालाब, दामाकोल जलप्रपात, डी श्रेणी अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थल, चिहारीपीठ, सिंहवाहिनी मंदिर, अशोक स्तम्भ, मुलर्स टैंक तालाब, राजकचहरी तालाब, महड्डी धाम, शिव मंदिर, बोहरा काली मंदिर, माधुरी प्राचीन दुर्गा मंदिर, बक्सरा दुर्गा मंदिर, नारायणपुर झरना, गोविन्दपुर पहाड़ की जानकारी साझा की गई।बैठक में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण तथा वहां आगंतुकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की गई। इसके अंतर्गत पर्यटन स्थलों तक बेहतर सड़क संपर्क, स्वच्छता व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।वहीं मंत्री के द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिनके समुचित विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे तथा जिले की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। उन्होंने पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यटन संवर्धन से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों एवं योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही बताया गया कि पर्यटन स्थलों के विकास में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्यटन गतिविधियों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। बैठक के अंत में परिषद के सदस्यों द्वारा पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया तथा संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज सात न्यायिक बेंच गठित

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर सात न्यायिक बेंच का गठन किया गया है। प्रथम न्यायिक बेंच पर पारिवारिक विवाद, मेट्रोमोनियल, सीआरपीसी 125 के तहत मामले की सुनवाई हुई। इस बेंच पर परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह मामले की सुनवाई करेंगे। दूसरी न्यायिक बेंच पर एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, राजस्व के मामले, श्रम विवाद एवं अन्य ट्रिब्यूनल से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इसका निपटारा जिला जज प्रथम कुमार पवन एवं एलएडीसी राहुल कुमार करेंगे। तीसरे न्यायिक बेंच पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ऋचा श्रीवास्तव एवं पैनल अधिवक्ता आशिष कुमार बिजली से संबंधित मामले की सुनवाई करेंगे। चतुर्थ न्यायिक बेंच पर सीजेएम, एसडीजेएम कोर्ट के सभी कंपाउंडेबल मामले, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी खालिद रसीद अली अहमद, मुक्ति भगत, सतीश कुमार मुंडा एवं अमित कुमार बंसल कोर्ट से संबंधित मामले का निपटारा करेंगे। इस बेंच पर सीजेएम चंदन कुमार, पैनल अधिवक्ता अरविंद कुमार गुप्ता मामले की सुनवाई करेंगे।पंचम न्यायिक बेंच पर सबजज रेमी प्रफुल्ल बा कोर्ट के सभी कंपाउंडेबल मामले, एनआई एक्ट, एक्साइज, फारेस्ट, माप तौल से संबंधित मामले की सुनवाई होगी। इसका निपटारा एसीजेएम प्रताप चंद्रा एवं पैनल अधिवक्ता मुगेन्द्र कुमार झा करेंगे। छठे न्यायिक बेंच पर बैंक रिकवरी, सभी प्रकार के प्री लिटिगेशन, रेवेन्यू, म्यूटेशन से संबंधित मामले, 107 सीआरपीसी, सेल्स टेक्स, पानी, होल्डिंग टेक्स, बिल, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले का निपटारा किया जाएगा। इसकी सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत एवं अनुमंडल दंडाधिकारी बैद्यनाथ उरांव करेंगे। सातवें न्यायिक बेंच जिला उपभोक्ता फोरम में लगेगी। इसमें उपभोक्ता वाद से संबंधित मामला का निपटारा होगा। इसकी सुनवाई सब जज प्रवीण उरांव एवं जिला कंज्यूमर फोरम की सदस्य अनिता मंडल करेंगी।

## फतेहपुर प्रखंड में जन वितरण प्रणाली ठप राशनकार्डधारियों में नाराजगी



**संवाददाता फतेहपुर (जामताड़ा)।** फतेहपुर प्रखंड में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) गंभीर संकट में है। क्षेत्र की दर्जनों दुकानों में अब तक अनाज का वितरण शुरू नहीं हुआ है। जिससे सैकड़ों राशनकार्डधारियों को अपने अधिकार का अनाज नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ससमय गेहूं, चावल और दाल जैसी आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल रही हैं। जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, पीडीएस का वितरण हर महीने की 5 तारीख को शुरू होना होता है, लेकिन इस बार कई दुकानदारों की लापरवाही और सुस्ती के चलते यह तय समय पर शुरू नहीं हो सका। शिकायतों के अनुसार कई दुकानदार अनाज वितरण करने में काफी देरी कर रहे हैं। राशनकार्डधारकों का कहना है कि वे बार-बार दुकानों पर जाते हैं, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। स्थानीय लाभुकों ने कहा, हमें राशन का इंतजार महीना भर से रहता है, लेकिन ससमय पर राशन नहीं मिलने से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कहा कि मनमानी रवैया पर विभाग द्वारा कोई करवाई भी नहीं हो रही है। दुकानदार के लापरवाही के कारण हमलोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वही शुक्रवार को बानरनाचा पंचायत अंतर्गत पीडीएस दुकानदार सुबल चंद्र माहता का दुकान बंद देखा गया, जिससे उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। लाभुक प्रखंड प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की उमीद लगाए हुए है। इधर उपभोक्ताओं ने कहा कि यदि समस्या जल्द हल नहीं होती है, तो भविष्य में विरोध प्रदर्शन की आशंका भी जताई। इधर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि ससमय सभी पीडीएस दुकानदारों को उपभोक्ताओं के बीच अनाज का वितरण किया जाना है। जिससे उपभोक्ताओं को कोई परेशानी नहीं हो।

## मासूम की मौत पर फूटा जनआक्रोश, जामताड़ा में स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका



**संताल एक्सप्रेस**

**जामताड़ा।** जामताड़ा सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। इलाज के अभाव में तीन वर्षीय बच्चे की मौत के बाद शुक्रवार को शहर में लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज लोगों ने पहले समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और बाद में इंदिरा चौक पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।बताया जाता है कि जामताड़ा बाजार निवासी संटू साव के तीन वर्षीय पुत्र अंशु को अचानक पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई थी। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि उस समय अस्पताल में कोई शिशु रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं था और बच्चे को ऑक्सीजन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो सकी। काफी देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बाद में अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। परिजन जब उसे आसनसोल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।घटना के विरोध में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शन में गोदावरी देवी, पायल कुमारी, मधु देवी, स्वामी देवी, अमित कुमार, प्रकाश यादव, आकाश साव, मोनू साव, शक्ति, नीरज, विवेक, शुभ, डांशु, अनिल, पियूष, मुकुल और शिवम सहित कई लोग शामिल थे।इधर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. दिनेश प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है, इसलिए बच्चे को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर किया गया था।

## जामताड़ा में कारा सुरक्षा और सड़क सुरक्षा पर डीसी की सख्ती

**जामताड़ा।** जामताड़ा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में कारा सुरक्षा समिति तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में जेल सुरक्षा व्यवस्था, नए जेल भवन के निर्माण और सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कारा सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने जिले में प्रस्तावित नए जेल भवन के निर्माण से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान चयनित स्थल की सॉइल टेस्टिंग, भवन का ड्राइंग, प्राक्कलन, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जेल सुरक्षा, बंदियों के लिए मूलभूत सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वॉकी-टॉकी, सायरन, ड्रैगन लाइट, इलेक्ट्रिक फेंसिंग और मुलाकाती व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।इसके अलावा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ट्रैफिक नियमों के पालन और दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि फरवरी माह में पुलिस, डीटीओ और एमवीआई की संयुक्त टीम द्वारा 445 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 64 वाहनों से कुल 10 लाख 48 हजार 50 रुपये का चालान वसूला गया। साथ ही हिट एंड रन के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा आईआरएडी पोर्टल को अद्यतन रखने पर भी जोर दिया।बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, मंडल कारा अधीक्षक विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ. पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विक्की रविश मुर्मू, एमवीआई बरकत अंसारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालयों में सुरक्षा बढ़ाने की मांग गृह रक्षक जवानों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के प्रखंड कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और गृह रक्षक जवानों को नियमित ड्यूटी देने की मांग को लेकर शुक्रवार को जवानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त रवि आनंद से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह रक्षक जवान अमित कुमार यादव ने किया।ज्ञापन के माध्यम से जवानों ने बताया कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रखंड कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बाह्य स्रोत के माध्यम से होमगार्ड या सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों की तैनाती का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद कई प्रखंड कार्यालयों में अब तक पर्याप्त संख्या में गृह रक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है।अमित कुमार यादव ने कहा कि जिले में लगभग 450 गृह रक्षक जवान कार्यरत हैं, जबकि नियमित ड्यूटी के लिए केवल 177 पद ही उपलब्ध हैं। इसके कारण कई जवानों को लंबे समय तक ड्यूटी नहीं मिल पाती, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उपायुक्त से मांग की कि जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में कम से कम छह-छह गृह रक्षक जवानों की तैनाती की जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी और जवानों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।इस दौरान जफर अली, पिंकी खातून, शिम्पी कुमारी, मुकेश यादव, राकेश्वर मुर्मू, जयंत सिंह, चमेली देवी, रथीन मंडल, सावित्री कुमारी, गिरजानंद हेंब्रम, सुरेश किस्कू, मनीषा मुर्मू, विक्रम चौधरी, मानोसर किस्कू और महेंद्र मुर्मू सहित कई गृह रक्षक जवान उपस्थित थे।

## महागामा नपं के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया



**महागामा ।** नगर पंचायत में शुक्रवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रबोध सोरेन और उपाध्यक्ष निलेश कुमार सिंह ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर नगर पंचायत परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, समर्थकों तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों की मौजूदगी में दोनों जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक परिधानों के बीच हुए स्वागत समारोह ने कार्यक्रम को विशेष रूप से आकर्षक बना दिया। पदभार ग्रहण से पूर्व नगर पंचायत सभागार में एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी वार्ड पार्षदों का स्वागत किया।इस अवसर पर उन्होंने दोनों जनप्रतिनिधियों को बुके और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, विभिन्न सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी भी साझा की।वहीं कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन एवं उपाध्यक्ष निलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर अपने कार्यालय में प्रवेश किया। उद्घाटन के पश्चात दोनों जनप्रतिनिधियों ने कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रबोध सोरेन ने कहा कि महागामा नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। वहीं उपाध्यक्ष निलेश कुमार सिंह ने कहा कि वे अध्यक्ष और सभी वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर नगर के विकास के लिए कार्य करेंगे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ के क्रियान्वयन एवं प्रगति की हुई समीक्षा



**गोड्डा ।** जिले में संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा योजना के अंतर्गत बीमित फसलों की स्थिति, किसानों का पंजीकरण, दावा निपटान, बीमा कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों, चक्रवात/बेवजह बारिश की वजह से टोल फ्री नंबर पर फसल बर्बादी की सूचना देने वाले आवेदनों तथा प्रखंडवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि मक्का का कुल आवेदन 2010 (बीमित क्षेत्रफल 1585.191 हेक्टेयर) एवं धान का कुल आवेदन 49752 (बीमित क्षेत्रफल 37999.894 हेक्टेयर) है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सत्यापित किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए।जिला अनुश्रवण समिति द्वारा विचार-विमर्श के उपरांत मक्का एवं धान के कुल 51762 किसानों को, जिनका बीमित क्षेत्रफल 39585.084 हेक्टेयर है, जिसकी स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए तथा किसी भी पात्र किसान का नाम छूटने न पाए। उन्होने ने संबंधित विभाग एवं बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि पात्र किसानों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से दावा भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी संबंधित अन्य उपस्थित थे।

## होमगार्ड की शारीरिक जाँच और लिखित परीक्षा 17 मार्च से ऊर्जानगर में

**गोड्डा ।** झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गोड्डा जिलान्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गृह रक्षकोंके रुप में नव-नामांकन हेतु सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि गृह रक्षक नव- नामांकन हेतु शारीरिक जाँच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा संभावित तिथि 17 मार्च 2026 से निर्धारित है। सभी अभ्यर्थी संभावित तिथि को प्रवेश पत्र के साथ पहचान के लिए फोटोयुक्त पहचान-पत्र यथा-आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ पेन कार्ड/ ड्राइविंग लाईसेंस एवं दो रंगीन फोटो के साथ राजेन्द्र स्टेडियम, उर्जानगर, महागामा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला चयन समिति द्वारा निर्धारित तिथि, गतिविधियों की समय-सारणी तथा अभ्यर्थियों से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को 222.godda.nic.in पर अपलोड किया जायेगा।परिस्थितिवश/आवश्यकतानुसार शारीरिक जाँच/ लिखित परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया जा सकता है। गृह रक्षक शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा हेतु प्रखण्डवार संभावित तिथि की विवरणी निम्न प्रकार है :-प्रखंड का नाम दिनांक 1.सुन्दरपहाड़ी 17.03.2026 2.बसंतराय 18.03.2026 3.महागामा 19.03.2026 4.ठाकुरगंगटी 23.03.2026 5.पथरगामा 24.03.2026 6.बोआरीजोर 25.03.2026 28.03.2026 7.पोडैयाहाट 29.03.2026 01.04.2026 8.मेहरमा 02.04.2026 04.04.2026 9.गोड्डा 06.04.2026 07.04.2026 10.गोड्डा (टेक्निकल) 08.04.2026 11.गोड्डा (नन-टेक्निकल) 08.04.2026 गृह रक्षक शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा स्थल :- राजेन्द्र स्टेडियम, उर्जानगर, महागामा, जिला गोड्डा


### राँची मंडल ता़री रे एसएलआर पार्सल वैन ला़गित् ई-नीलामी

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 — मा़हित: 13.03.2026

भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची होतेते राँची रे लातार रे ओ़लाकान का़मीको ला़गित् ई-नीलामी नेवतायेत् काना। सूचीपत्र दो़ आईआरईपीएस रेयाक् वेबसाइट रे उछा़न आकादा। बानाडाय दो़ लातार रे ओ़लाकाना: **श्रेणी:** पार्सल। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीपार्सल-9; **सोमपुती रेयाक् बानाडाय:** राँची मंडल खो़न सांगार एहो़पएत्कान 32 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनको रे एसएलआर क पार्टमेंटको दो़ पट्टा रे एमो़क् ला़गित् ते 34 अदद सोमपुतीको बाखरा ई-नीलामी। **नीलामी एहो़बो़क्आ:** 27.03.2026 हिलो़क् सेता़क् 10.00 बजे। **नीलामी बो़दो़क्आ:** 27.03.2026 हिलो़क् तारासित्र 04.00 बजे। टिप्पणी: मो़ने मेनाक् बोलीदाताको ठेन आईआरईपीएस रेयाक् वेबसाइट (www.ireps.gov.in) रे ई-नीलामी पट्टा प्रारूप ञेल ला़गित् नेहो़राको काना। चेतान रे ओ़लाकान सूचीपत्र ता़री रे लॉट पिछा़ बानाडाय एम आकाना।

(PR-1301)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे


## आईआरबी एक में विदाई और सम्मान समारोह



**करमाटांड़ ।** करमाटांड़ स्थित झिलुवा आईआरबी परिसर में बीते दिन एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईआरबी-1 में तैनात दो पुलिस अवर निरीक्षकों, गौर चंद्र कॉल और दिनानाथ योगी की निरीक्षक (इस्पेक्टर) पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।मुख्य अतिथि का संबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक सह समादेष्टा राजकुमार मेहता उपस्थित हुए। उन्होंने दोनों पदोन्नत अधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में एसपी राजकुमार मेहता ने कहा-पुलिस की सेवा में स्थानांतरण और एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना एक निरंतर प्रक्रिया है।

## महिला स्वास्थ्य कर्मी के गले से उच्चके ने सोने की चेन छीना

**गोड्डा ।** शहर के भागलपुर रोड अंतर्गत साकेतपुरी मोहल्ले में शुक्रवार शाम एक एआएनएम से चैन छिनतई का मामला प्रखंड में आई है। वहीं ड्यूटी से घर लौट रही महिला स्वास्थ्यकर्मी के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चैन छीन कर मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बासुमती नगर साकेतपुरी मोहल्ले की रहने वाली एएनएम पार्वती कुमारी, पति छोटेलाल साह अपनी ड्यूटी खत्म कर भागलपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास से पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पीछे की गली में पहले से घात लगाए बाइक सवार दो युवकों ने अचानक उनके गले पर झपट्टा मारकर करीब डेढ़ भर की सोने की चैन छीन ली। वहीं घटना की सूचना नगर थाना को दी गई जिसके बाद नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुड़ गई। लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। आए दिन शहर में कहीं ना कहीं ऐसी घटनाएं प्रकाश में आ ही जाती हैं। इस पर जिला प्रशासन को सक्रिय रहने की जरूरत है साथ ही लोगों को भी सावधान रहने की जरूरत है।

## ईरान-अमेरिका की लड़ाई की चोट महिलाओं की रोसाई घर तक पहुंची



**पाकुड़।** एलपीजी गैस की कमी व बढ़ते दामों को लेकर लोग सुबह से ही गैस गोदाम में लम्बी लाइन लगाकर खरीद रहे है। जिले भर में भले ही दर्जनों गैस गोदाम है लेकिन ईरान और अमेरिका के बीच हुई विवाद के बाद से गोदामों में लगातार गैस की किल्लत होने की बात सामने आ रही है। जिसका असर गृहणी के घरों तक पहुंच गई है। शहर के कई हिस्सों में लोग ब्लैक में भी गैस खरीदना शुरू कर दिए हैं। गैस सिलेंडर की कमी वाली खबर सोशल मीडिया पर पूरी तरह से फैल गई है। जानकारों की माने तो लोगों के घरों में गैस रहने के बावजूद अलग से स्ट्रोक करने में लगे है। लोगों को डर है कि अगर आज सिलेंडर नहीं लिया तो उन्हें कल इसके लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी?। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इंडक्शन की बिक्री 20 प्रतिशत तक बढ़ गई है। बुकिंग के बाद भी लोग सिलेंडर पाने के लिए तरस रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लंबी लाइनें लगी हैं। सिलेंडर के इंतजार में परेशान हैं।क्या कहते हैं जिला आपूर्ति पदाधिकारी....जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि लगातार एलपीजी गैस नहीं मिलने की बात सोशल मीडिया में चल रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न गैस गोदाम का जायज़ा लिया गया है। किसी भी गोदाम में गैस की कमी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सभी गैस एजेंसियों के साथ बैठक किया जाएगा।

## दुष्कर्म के आरोपित को 15 वर्ष का सश्रम कारावास

**गोड्डा ।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार पवन के न्यायालय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित महागामा थाना क्षेत्र के सर्वा गांव निवासी साजन कुमार को दोषी पाकर पोक्सो की धारा 4 (1) के तहत 15 वर्ष सश्रम कारावास एवं 50 ,000 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का न्यायालय के समक्ष परीक्षण किया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने सजा सुनाई।महागामा थाना में 14 जून 25 को दर्ज प्राथमिकी में नाबालिग की मां ने कहा था कि वह 12 जून 25 को सरवा गांव में हो रहे श्राद्ध में भजन-कीर्तन देखने के लिए गई थी। उसकी 17 वर्षीया नाबालिग दोपहर करीब तीन बजे दुकान जा रही थी। इसी दौरान उसे साजन कुमार ने जबरन झाड़ी में ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी दी गई।

## सड़क और नाली निर्माण को लेकर डीसी से लगाई गुहार

**साहिबगंज।** जिले के मिर्जाचौकी से रक्सी स्थान तक जाने वाली मुख्य सड़क की अत्यंत जर्जर की समस्या के समाधान के लिए लोहड़ बेड़ा, बांसकोला और तेतरिया गाँव के ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों ने साहिबगंज के डीसी को एक मांग पत्र सौंपा.सौपे गये मांग पत्र में ग्रामीणों का कहना है कि मिर्जाचौकी से रेलवे के तीन पुलिया तक सालों भर सड़क पर पोखर जैसा गंदा पानी जमा रहता है. सड़क की खराब स्थिति के कारण पैदल यात्रियों के साथ-साथ मोटरसाइकिल, टेम्पो और टोटो चालकों को काफी कठिनाई होती है. आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं. यह सड़क प्रसिद्ध रक्सी स्थान पूजा स्थल को जोड़ती है. श्रद्धालुओं को इसी गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता है. जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है. लंबे समय से जमा गंदे पानी के कारण इलाके में संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर भी बना हुआ है.ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने डीसी से मांग की है कि इस सड़क और नाली का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाएं .

## बर्फ बेचने वाले युवक का शव मिला

**मेहरमा ।** बलबड्डा थाना क्षेत्र में बीती रात एक बर्फ बेचने वाले युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना बलबड्डा-गझंडा मुख्य मार्ग की बताई जा रही है, जहां युवक का शव उसके ठेले पर ही लहूलुहान अवस्था में मिला। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने युवक को ठेले पर खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा और परिजन को इसकी सूचना दी गई। वहीं बताया गया कि युवक का नाम पिंटू तांती, लगभग 20 वर्ष है जो बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया के बुधनगर गांव का रहने वाला है।घटना स्थल के आसपास से कुछ लोगों ने बताया कि वह पिछले 10-12 दिनों से ठेले पर घूम-घूमकर बर्फ बेचने का काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं कुछ ग्रामीण इस घटना को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह सड़क दुर्घटना होती तो युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान होते या ठेला भी क्षतिग्रस्त होता। लेकिन युवक के कान के पास ही गंभीर चोट के निशान बताए जा रहे हैं।इधर मामले को लेकर बलबड्डा थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। घायल अवस्था में युवक को महागामा पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## गोड्डा में गैस सिलेंडर के लिए अफरा -तफरी



**गोड्डा ।** शहर में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं। कोई धूप में घंटों से खड़ा है तो कोई अपना जरूरी काम छोड़कर सिर्फ सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पहुंचा है। हालात ऐसे हैं कि कई लोग दो से तीन घंटे तक लाइन में लगे रहने के बाद भी अपना काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं, जबकि कुछ उपभोक्ता ऐसे भी हैं जो कल आए थे लेकिन उनकी बुकिंग नहीं हो पाई, इसलिए आज फिर एजेंसी पहुंच गए।गांगटा स्थित कौशल्या इंडियन गैस एजेंसी के कर्मचारियों से जब इस स्थिति को लेकर बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि सामान्य दिनों में प्रतिदिन करीब 150 से 175 बुकिंग हुआ करती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों में बुकिंग तीन से चार गुना तक बढ़ गई है। इतनी अधिक बुकिंग होने के कारण एजेंसी का सॉफ्टवेयर भी कई बार सही तरीके से काम नहीं कर पा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं की बुकिंग प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

## करमाटांड़ बाजार में जाम से राहत के लिए बाईपास निर्माण की तैयारी

**करमाटांड़।** जामताड़ा जिले के करमाटांड़ बाजार में लगने वाले भीषण जाम से लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। इस मामले को लेकर विधायक की पहल पर विधानसभा में प्रश्न उठाया गया था, जिस पर पथ निर्माण विभाग ने जवाब दिया है।विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विभाग ने बताया कि करमाटांड़ बाजार से गुजरने वाली मुख्य सड़क जामताड़ा-करमाटांड़-लहरजोरी पथ का हिस्सा है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 29.175 किलोमीटर है। बाजार क्षेत्र में सड़क संकरी होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती है।विभाग ने आगे बताया कि करमाटांड़ बाजार में जाम की समस्या को देखते हुए बाईपास सड़क निर्माण के लिए छ्क्क्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत फिजिबिलिटी स्टडी पूरी कर ली गई है और विस्तृत सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में नीति और बजट की उपलब्धता के अनुसार इस प्रस्ताव पर आगे निर्णय लिया जाएगा।

## गैस संकट- सरकार के दावे और ज़मीनी हकीकत?

देश के कई हिस्सों में रसोई गैस को लेकर जिस तरह की स्थिति सामने आ रही है, उसने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। लोगों के पास ना तो रसोई गैस है ना केरोसिन तेल है और ना ही लकड़ी उपलब्ध हो रही है। कई स्थानों पर तो बिजली सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। ऐसे में घर में खाना बनाना सबसे मुश्किल काम हो गया है। एक ओर सरकार दावा कर रही है, देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में घंटों खड़े रहना पड़ रहा है। देश के सैकड़ो स्थान से इस बात के वीडियो और फोटो समाचार पत्रों, न्यूज़ चैनल्स और सोशल मीडिया में प्रदर्शित हो रहे हैं। कई स्थानों पर डीलर खुले तौर पर कह रहे हैं, उनके पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं है। पिछले कई दिनों से गैस की बुकिंग और सप्लाई बंद है। यह विरोधाभास केवल प्रशासनिक, नीतिगत और व्यवस्था की समस्या नहीं है वरन उन करोड़ों लोगों की समस्या है जिनके घर पर ना तो चाय बन पा रही है ना खाना बन पा रहा है। जो सरकार के दावों की हकीकत को उजागर कर रहा है। भारत में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों–इंडियन आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के माध्यम से की जाती है। इसके अलावा निजी गैस कंपनियां भी गैस सप्लाई करती हैं लेकिन सभी कंपनियों की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। सरकार का तर्क है, इन कंपनियों के पास पर्याप्त भंडार है। वितरण प्रणाली सामान्य रूप से चल रही है, पर वास्तविकता में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। 1800 से 2000 रुपए में एलपीजी का घरेलू गैस सिलेंडर कालाबाजारी से मिल रहा है। वही कमर्शियल गैस सिलेंडर 4000 रुपये तक में बिक रहा है। सरकार इसे वितरण तंत्र की गंभीर खामी बताकर पल्ला झाड़ रही है। जमीनी स्तर पर डीलरों का कहना है, उन्हें कंपनियों से समय पर पर्याप्त संख्या में सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। पोर्टल ठीक तरीके से काम नहीं कर रहा है। गैस डीलर भी जिस माध्यम से बुकिंग करते हैं उसका भी पोर्टल बार-बार या तो धीमा हो जाता है या बंद हो जाता है। जिसके कारण वह उपभोक्ताओं की मांग को पूरी नहीं कर पा रहे हैं। बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को कई दिनों तक सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण करोड़ों घर में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। इससे सवाल उठता है, यदि उत्पादन और भंडारण पर्याप्त है, तो फिर गैस की आपूर्ति में बाधा क्यों है? इस समस्या से आम आदमी से लेकर होटल व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों और शादी ब्याह के आयोजनों में लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। गैस के कारण मात्र असुविधा नहीं वरन गैस लूटने तक की घटनाएं सामने आ रही हैं। रसोई गैस आम परिवारों की बुनियादी आवश्यकता है। इसका कोई विकल्प भी उनके पास उपलब्ध नहीं है। शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों के करोड़ों परिवार एलपीजी गैस पर निर्भर हैं। ऐसे में गैस की आपूर्ति बाधित होने पर इसका सीधा असर करोड़ों लोगों के जीवनयापन और छोटे व्यवसायों पर पड़ा है। सरकार केवल बयान देने तक सीमित न रहे।

# तेल-गैस संकट के बीच सेंसेक्स का गिरना, क्या अर्थतंत्र में महासंकट के संकेत?

**सौरभ वार्ष्णेय**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में जब भी ऊर्जा संकट गहराता है, उसका सीधा असर वित्तीय बाजारों और आम लोगों की जेब पर दिखाई देता है। हाल के दिनों में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक गिरावट की ओर गया है। यह गिरावट केवल बाजार की सामान्य हलचल नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सामने खड़े संभावित बड़े संकट का संकेत भी हो सकती है। वहीं जब मैं इस लेख को लिख रहा हूं तो सेंसेक्स और निफ्टी काफी हद तक गिर चुका है। ऐसे में सरकार के कहने के बावजूद जनमानस इस युद्ध के बीच ऊर्जा का भंडार भरकर रखना चाहता है, यह युद्ध क्या पटकथा लिखेगा कोई नहीं जानता क्योंकि रुस-युक्रेन युद्ध भी अभी तक समाप्त नहीं हुआ।

भारत जैसे देश की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। जब वैश्विक स्तर पर तेल-गैस की कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर सीधे महंगाई, उत्पादन लागत और व्यापार संतुलन पर पड़ता है। उद्योगों की लागत बढ़ती है, परिवहन महंगा होता है और अंततः इसका बोझ आम उपभोक्ता तक पहुंचता है। निवेशकों को भी यह संकेत मिलता है कि आने वाले समय में कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ सकता है।

शेयर बाजार का गिरना इसी चिंता का प्रतिबिंब है। निवेशक भविष्य की आशंकाओं को देखते हुए बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। विदेशी निवेशक भी जोखिम से बचने के लिए उभरते बाजारों से पूंजी निकालते हैं, जिससे बाजार में गिरावट और तेज हो जाती है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर निवेश, रोजगार और आर्थिक विकास की गति पर पड़ सकता है।

ऊर्जा संकट का दूसरा पहलू राजकोषीय दबाव भी है। सरकार को महंगाई नियंत्रित करने के लिए करों में कटौती, सब्सिडी या अन्य राहत उपाय देने पड़ सकते हैं। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता है। साथ ही यदि आयात बिल बढ़ता है तो चालू खाते का घाटा भी बढ़ सकता है, जो आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन जाता है।

हालांकि यह भी सच है कि शेयर बाजार हमेशा दीर्घकालिक आर्थिक स्थिति का सटीक दर्पण नहीं होता। कई बार वैश्विक परिस्थितियों, भू-राजनीतिक तनाव या निवेशकों की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया से भी बाजार अचानक गिर सकता है। इसलिए सेंसेक्स की गिरावट को तुरंत महा संकट मान लेना भी उचित नहीं होगा। लेकिन इसे एक चेतावनी संकेत जरूर माना जाना चाहिए।

ऐसे समय में सरकार और नीति-निर्माताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की है। देश को तेल-गैस के आयात पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और रणनीतिक भंडार बढ़ाने जैसी नीतियों पर तेजी से काम करना होगा। साथ ही आर्थिक सुधारों और निवेश को बढ़ावा देकर बाजार का भरोसा बनाए रखना भी जरूरी है।

अंततः कहा जा सकता है कि तेल-गैस संकट के बीच सेंसेक्स की गिरावट केवल बाजार की घटना नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी चुनौतियों की याद दिलाती है। यदि समय रहते ठोस कदम उठाए जाएं तो यह संकट अवसर में भी बदल सकता है, लेकिन अगर इसे नजरअंदाज किया गया तो इसके गंभीर आर्थिक परिणाम सामने आ सकते हैं।

**निवेशक दोहरी दुविधा में**

वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के बीच आज निवेशक एक कठिन दौर से गुजर रहा है। बाजार में अनिश्चितता, अंतरराष्ट्रीय तनाव और महंगाई के दबाव ने निवेशकों को दोहरी दुविधा में डाल दिया है। एक ओर शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षित निवेश विकल्प भी अपेक्षित रिटर्न नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि निवेशक अपने धन को कहाँ और कैसे सुरक्षित रखें।

हाल के समय में वैश्विक स्तर पर कई घटनाएँ आर्थिक बाजारों को प्रभावित कर रही हैं। तेल-गैस की कीमतों में अस्थिरता, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की नीतियों में बदलाव का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों पर दिखाई दे रहा है। जब भी वैश्विक स्तर पर संकट गहराता है, निवेशक जोखिम से बचने के लिए सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में सुरक्षित निवेश भी बहुत आकर्षक नहीं दिख रहा।

दूसरी ओर घरेलू स्तर पर भी निवेशकों के सामने कई सवाल खड़े हैं। महंगाई की दर में उतार-चढ़ाव, ब्याज दरों की अनिश्चितता और कंपनियों के भविष्य को लेकर आशंकाएँ निवेशकों को निर्णय लेने में कठिनाई पैदा कर रही हैं। शेयर बाजार में निवेश करने पर जोखिम अधिक है, जबकि बैंक जमा या अन्य सुरक्षित विकल्पों में रिटर्न सीमित है। यही कारण है कि निवेशक समझ नहीं पा रहे कि जोखिम उठाकर बाजार में बने रहें या सुरक्षित विकल्पों में पैसा लगाएँ।

निवेशकों की यह दुविधा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है। बाजार की अस्थिरता के कारण कई छोटे निवेशक घबराकर अपने निवेश को निकाल लेते हैं, जिससे बाजार में और अधिक गिरावट देखने को मिलती है। वहीं कुछ अनुभवी निवेशक इसे अवसर के रूप में देखते हैं और गिरते बाजार में निवेश बढ़ाते हैं।

ऐसी स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण है संतुलित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों को घबराहट में निर्णय लेने के बजाय अपने निवेश को विविध क्षेत्रों में बांटना चाहिए और लंबी अवधि की रणनीति अपनानी चाहिए। इससे जोखिम कम किया जा सकता है और बाजार की अस्थिरता का प्रभाव भी सीमित किया जा सकता है।

सरकार और नियामक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है कि वे आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। पारदर्शी नीतियाँ, निवेश के अनुकूल वातावरण और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर निवेशकों का भरोसा मजबूत किया जा सकता है।

यह कहा जा सकता है कि वर्तमान समय निवेशकों के लिए परीक्षा का दौर है। दोहरी दुविधा के बीच सही निर्णय वही होगा जो धैर्य, समझ और दीर्घकालिक सोच पर आधारित हो। अगर निवेशक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो अस्थिर बाजार भी भविष्य के अवसरों में बदल सकता है। तेल-गैस संकट से कैसे मिले निजात? विश्व राजनीति और ऊर्जा बाज़ार में बढ़ती अनिश्चितता ने एक बार फिर तेल-गैस संकट की आशंका को गहरा कर दिया है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, आपूर्ति में रुकावट और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमतों के उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर पड़ता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक स्तर पर संकट पैदा होता है, उसका दबाव देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और आम उपभोक्ता पर साफ दिखाई देता है।तेल और गैस केवल ईंधन नहीं, बल्कि आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। परिवहन, बिजली उत्पादन, उद्योग और घरेलू उपयोग–हर क्षेत्र इन पर निर्भर है। जब इनकी कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति कम होती है, तो महंगाई बढ़ती है, उत्पादन लागत बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति भी प्रभावित होती है। इसलिए यह केवल ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक चुनौती भी बन जाता है।इस संकट से निपटने के लिए सरकार को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले, ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण जरूरी है। भारत को केवल कुछ सीमित देशों पर निर्भर रहने के बजाय अलग-अलग क्षेत्रों से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। दीर्घकालिक समझौते और रणनीतिक भंडारण भी आपूर्ति सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।दूसरा महत्वपूर्ण कदम वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे स्रोत भविष्य में तेल-गैस पर निर्भरता कम कर सकते हैं। भारत ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन इसे और तेज़ी से बढ़ाने की आवश्यकता है।तीसरा, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी जरूरी है। उद्योगों, वाहनों और घरेलू उपयोग में ऊर्जा की बचत से खपत कम की जा सकती है। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन और सार्वजनिक परिवहन का विस्तार भी तेल की मांग घटाने में मदद कर सकता है। तेल-गैस संकट हमें यह याद दिलाता है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आयात से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक नीति, तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भरता से ही सुनिश्चित हो सकती है। यदि भारत समय रहते सही

---

**साहिबगंज की खबरें**

# साहिबगंज में 13 वर्षीय किशोरी की संदेहास्पद मौत



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना मुहल्ला में गुरुवार की रात संदेहास्पद स्थिति में एक 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया.मामले की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार किशोरी तालबन्ना मुहल्ला निवासी सनी यादव की 13 वर्षीय पुत्री ईशा कुमारी थी.मिली जानकारी के अनुसार घटना के दिन घर के सभी लोग भोज खाने के लिए बाहर गए हुए थे. घर में किशोरी अपनी दादी के साथ थी. वही किशोरी शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड गठित की गई. बोर्ड में डॉ. तबरेज आलम, डॉ. स्नेह लता व डॉ. अंकित कुमार ने शव का पोस्टमार्टम किया. मेडिकल बोर्ड की टीम ने दुष्कर्म की आशंका को लेकर स्वाब रिजर्व कर मेडिकल कॉलेज दुमका भेजा है. मामले में गहराई से जांच करने में जुटी है.परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है.

## 14 से 15 वर्ष तक के बच्चों को लगने वाले एचपीवी टीका को लेकर बैठक आयोजित

राजमहल -राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में शुक्रवार को उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उधवा के प्रभारी डॉक्टर गुफरान आलम के संयुक्त अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई. बैठक का मुख्य उद्देश्य 14 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों को लगने वाले एचपीवी टीका को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया. तत्पश्चात आयुष्मान आरोग्य मंदिर वार स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यक्रमों का बारीकी से अवलोकन किया गया. वहीं कम उपलब्धि वाले कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई गई. मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉक्टर अबू कलाम, प्रखंड लेखा प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन यूनिसेफ स्कूल संस्था के फील्ड मॉनिटर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, बीटीटी सहित अन्य उपस्थित थे.

## छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



राजमहल- नगर पंचायत क्षेत्र के पीएमश्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय नया बाजार में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर-आउटडोर स्टेडियम मटियाल में किया गया. इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीओ कुणाल किशोर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सिंटू यादव, प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार, वार्ड पार्षद आमिर कुमार मंडल व अन्य संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. एवं खेलकूद प्रतियोगिता विद्यालय के वर्ग 1 से वर्ग 8 तक के लगभग 750 बच्चों के बीच 43 इवेंट किया गया. जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. जिसमें 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, बोरा रेस, बैलेंस रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन की गई. एवं बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

## जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन



साहिबगंज-जिला के बोरियो प्रखंड में शुक्रवार को पलाश झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के सहयोग से जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया. यह केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पलाश जेएसएलपीएस एवं प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस अवसर पर जिला प्रबंधक एसएमआईबी , प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बोरियो, मुखिया, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तथा एसबीआई के शाखा प्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहे.इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जेंडर रिसोर्स सेंटर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराने का एक सशक्त माध्यम बनेगा. केंद्र के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी, कानूनी सहायता, परामर्श सेवा तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर

## मालदा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रेलवन ऐप जागरूकता अभियान आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - मालदा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कार्तिक सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मालदा के समग्र पर्यवेक्षण में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं बिहार के प्रमुख रेलवे स्टेशन मालदा टाउन, साहिबगंज, बरहरवा, तालझारी, राजमहल, भागलपुर, जमालपुर रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर रेलवन ऐप के प्रति जागरूकता के लिए सप्ताह-व्यापी अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल रेलवे सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें रेलवन ऐप के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना था. जिससे उन्हें सहज एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके.अभियान के दौरान यात्रियों को विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई. जिनमें अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, लाइव ट्रेन स्थिति की जानकारी, पीएनआर स्टेटस, कोच पोजिशन देखना तथा रेल मदद के माध्यम से सहायता प्राप्त करना शामिल है. ऐप को एक सरल, सुरक्षित एवं प्रभावी मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया. जो एक ही उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस में विभिन्न रेलवे सेवाओं को एकीकृत करता है, जिससे यात्रियों को अधिक स्मार्ट, तेज़ और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त होता है.

## नाबालिग लड़की ने थाना में आवेदन देकर लगाई दुष्कर्म करने और देह व्यापार कराने का आरोप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा- जिले के राधानगर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर जबरन दुष्कर्म करने, अपहरण कर दूसरे राज्यों में ले जाकर देह व्यापार कराने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है. पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है. पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि करीब एक वर्ष पहले वह अपनी बहन के घर गई हुई थी. उसी दौरान रात में बहन के रिश्तेदार के घर सोने के दौरान आरोपी एजाबुल शेख ने कथित तौर पर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता का आरोप है कि उस समय आरोपी की पत्नी ने भी उसका हाथ पकड़कर उसे रोक रखा था और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई. अगले दिन शाम को जब वह घर लौट रही थी. तभी रास्ते में आरोपी अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से आया और उसे जबरन उठा ले गया. पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे पहले बरहरवा ले गया और वहां से ट्रेन से पश्चिम बंगाल के कूच बिहार पहुंचाया.वहां एक कमरे में रखकर उससे जबरन देह व्यापार कराया जाता था. विरोध करने पर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जाती थी. पीड़िता के मुताबिक करीब दो महीने तक कूच बिहार में रखने के बाद आरोपी उसे महाराष्ट्र के पुणे भी ले गया. वहां भी इसी तरह उसका शोषण किया गया. बाद में उसे फिर से कूच बिहार लाया. इसी दौरान वह गर्भवती हो गई. पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उससे जबरन एक कागज पर अंगूठा लगवाकर खुद को उसका पति बताने की बात कही और घटना के बारे में किसी को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी. पीड़िता ने बताया कि बाद में आरोपी उसे वापस गांव छोड़ गया. गर्भावस्था के कारण वह लंबे समय तक घटना के बारे में किसी को नहीं बता सकी. कुछ समय पहले उसने एक बच्चे को जन्म दी. जिसकी उम्र लगभग एक माह है. 10 मार्च 2026 की रात आरोपी फिर उसे अपने साथ ले जाने आया. लेकिन शोर-शराबा होने पर वहां से भाग गया. इसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना अपने परिवार और गांव के लोगों को बताई.

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई



मंडरो-प्रधानमंत्री श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी में शुक्रवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक छविलाल पासवान के सेवानिवृत हो जाने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे.कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक छविलाल पासवान को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई . उपस्थित वक्ताओं ने उनके लंबे सेवा काल और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. बताया गया कि छविलाल पासवान ने अपने सेवा काल में करीब 38 वर्षों तक शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान देने के बाद 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्ति हुए. इस अवसर पर बीपीओ मो. एहसान अहमद, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीकांत द्विवेदी, इकरामुल हक सहित कई अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे.

## राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के तहत् आयुष्मान आरोग्य मंदिर धोबडीहा का मूल्यांकन

**बरहेट /** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर धोबडीहा का शुक्रवार को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत् मूल्यांकन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस दौरान स्वास्थ्य संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं, सेवाओं और व्यवस्थाओं का विस्तार से निरीक्षण किया गया.मूल्यांकन के लिए पहुंचे राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ. संतोष कुमार एवं डॉ. अंजना तिवारी ने संस्थान में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मानव संसाधन, अभिलेख प्रबंधन तथा बुनियादी ढांचे का गहन निरीक्षण किया.

## अमन पंडित का सड़क दुर्घटना इलाज के दौरान मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा- बरहरवा का एक होनहार और उभरता हुआ सितारा अमन पंडित का निधन हो गया. उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है. अमन पंडित अपने शानदार अभिनय और डांसिंग प्रतिभा के लिए जाने जाते थे और अपने हुनर से लगातार क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे थे.मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले रांची में एक सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे. दुर्घटना के बाद उनका इलाज रांची के एक अस्पताल में चल रहा था. डॉक्टर की सलाह पर उनका बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के धूलियान के किसी अस्पताल में उनके इलाज चल रहा था.लेकिन इलाज के दौरान शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली.अमन पंडित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी काफी लोकप्रिय थे. अपने डांस और अभिनय के वीडियो के माध्यम से उन्होंने कम समय में बड़ी पहचान बना ली थी.उनके हुनर और मुस्कान ने हजारों लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी.

## दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बोरियो-बोरियो थाना पुलिस ने शुक्रवार को दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पथरा सूरी टोला निवासी खेरई उर्फ सारो मरांडी एवं हल्लु उर्फ लालु सोरेन के विरुद्ध बोरियो थाना कांड संख्या 82/18 के तहत मामला दर्ज था. दोनों वारंटी कई दिनों से फरार चल रहा था. जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

## साहिबगंज जिले में चौथा जुमा पर मस्जिदों में अदा की गई विशेष नमाज



**साहिबगंज।** रमजान के चौथा जुमा पर शुक्रवार को साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के मज्जिदो में मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों ने नवाज अदा की. मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ देखी गई है. दोपहर 12 बजे अजान होने के साथ ही शहर के मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी. इधर कॉलेज रोड स्थित बिचला टोला मस्जिद में पेश इमाम हाफिज निजामुद्दीन ने अपनी तकरीर में माह-ए-रमजान के तीसरा अशरा पर रौशनी डालते हुए कुरआन व हदीस से कई जानकारी दिए है. वही पेश इमाम साहिब-ए-निसाब पर जकात फर्ज बताते हुए कहा कि अपनी जान-माल सदका करने की बात कही है। खास कर इन रकम से अपने आसपास के गरीब-गुरबा की मदद करे.ईद की खुशी में सभी लोग शामिल हो सके.वही नमाज के बाद देश मे अमन व शांति के लिए दुआ की गई है.वही शहर के एलसी रोड मस्जिद स्थित जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, कुलीपाड़ा, हबीबपुर, सकरोगड़, मजहर टोला, इकरा कॉलोनी आदि मस्जिदों में जुमा की विशेष नमाज अदा की गई है.

## हेपेटाइटिस संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सैलून और पार्लर का किया निरीक्षण

**साहिबगंज ।** साहिबगंज शहर में हेपेटाइटिस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए साहिबगंज शहरी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने अपनी टीम के साथ शुक्रवार को शहर के विभिन्न सैलून, पार्लर और सड़क किनारे दुकानों का निरीक्षण किया. टीम ने देखा कि सैलून में पुराना ब्लेड और बिना ब्लेड वाला उस्तरा का इस्तमाल न हो रहा है.साथ ही सेवलॉन, डेटॉल जैसा एंटीसेप्टिक लोशन रखने की सलाह दी गई. जिसमें हर नए ग्राहक से पहले कैंची और उस्तरा का स्टरलाइजेशन हो सके. थोड़ी सी लापरवाही बरतने पर हेपेटाइटिस, एचआईवी और टेटनस जैसी जानलेवा और लाइलाज बिमारी होने का डर बना रहता है. टीम में शहरी बीटीटी मुनीजी पांडे और फार्मासिस्ट मोनू मैथ्यू मुर्मू मौजुद थे.

## बरहेट भाजपा को मिला नया मंडल का अध्यक्ष, मनीष भारती के मनोनयन

बरहेट -भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बरहेट भाजपा को नया मंडल अध्यक्ष मिल गया है. प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर साहिबगंज भाजपा के जिला अध्यक्ष गौतम यादव ने मनीष भारती को बरहेट मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है.मनीष भारती के मंडल अध्यक्ष बनाएं जाने की घोषणा के बाद बरहेट भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया.कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई.इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता नवीन गुप्ता, गणेश पंडित, रमेश रविदास, हेमंत शाह, चुनेश मुर्मू, हनीफ अंसारी, अविनाश वर्मा, सुरेश साह, राजकुमार ठाकुर, विभीषण ठाकुर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने नवमनोनीत मंडल अध्यक्ष मनीष भारती को शुभकामनाएं दीं.वहीं बरहेट के युवा कार्यकर्ता सह सिदो-कान्हू वंशज मंडल मुर्मू ने भी मनीष भारती से मिलकर उन्हें बधाई दी.

## छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण में पहुंचे राजमहल



राजमहल- राजमहल में शुक्रवार को दो विद्यालय के 102 छात्र छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंच कर राजमहल के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया. मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ जिले की हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत पीएमश्री एमएस बॉय हिरणपुर से 46 छात्र-छात्राएं एवं पीएमश्री एमएस तारापुर 56 छात्र-छात्राएं राजमहल के पर्यटक स्थल जामा मस्जिद, बाराद्वारी, सिंघीदलान, कन्हैया स्थान व चाइनाक्ले, राजमहल रेलवे स्टेशन एवं उत्तर वाहिनी गंगा का दर्शन किए. इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह ने बताया कि हम लोग प्रत्येक वर्ष विद्यालय के सभी बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराते हैं. इस बार हम लोगों ने राजमहल के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल एवं अन्य स्थानों का भ्रमण कराया. जिससे छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास होते हैं .जानकारी प्राप्त होते हैं और शिक्षा में वह बेहतर प्रदर्शन करते हैं. मौके पर शिक्षक डॉक्टर सुभाष आनंद, होनी गुप्ता, सुनीता कुमारी, एलिजाबेथ केरकेट्टा सहित अन्य उपस्थित थे.

## डीसी ने सुनी आम लोगों की समस्याएं



साहिबगंज - जिला समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए. इसके साथ ही डीसी ने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएंगा.इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए. जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे. ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें.साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें. ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके.

## भाजपा के बोरियो प्रखंड अध्यक्ष बने भुवनेश्वर

बोरियो- भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रूप में भुवनेश्वर तुरी को बोरियों प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव ने भुवनेश्वर तुरी को प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है. नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे. वहीं बांझी मंडल में सकल मुर्मू को मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है. भुवनेश्वर तुरी के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र शर्मा, मनीष ठाकुर, मंटू साह, राम साह, रामबालक प्रसाद, शिव शंकर पंडित, कुणाल विक्रम सहित अन्य ने बधाई दी.

## साहिबगंज में डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन

साहिबगंज- साहिबगंज नगर के पोखरिया टाउन हॉल के पीछे लगे डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू पासवान, नगर परिषद उपाध्यक्ष विनीता देवी, वार्ड पार्षद दीपा देवी व चमरू उरांव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव सहित अन्य ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित करके किया. वही अतिथियों का स्वागत मेला के प्रबंधक रंजीत साहा ने अंग वस्त्र व बुके देकर किया.नप अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने कहा कि डिजनीलैंड मेला शहरवासियों के लिए मनोरंजन का बेहतरीन साधन है. शहरवासी मेला का लुफ्त उठाएं. वही मेला प्रबंधक रणजीत साहा ने बताया कि मेला में जलपरी का शो, हाइड्रोलिक झूला, ब्रेक डांस सहित मनोरंजन के साधन, 100 दुकानों में विभिन्न प्रदेशों के सामग्री, दिल्ली के घर व किचन की सामग्री, बनारसी पान की दुकान रहेगी. सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, शराबियों की इंट्री बैंड है. गर्भवती महिलाओं को झूला ब्रेक डांस में प्रतिबंध है. फायर सेफ्टी की पूरी व्यवस्था की गई है. मौके पर गोपाल सिंह, विप्लव चक्रवर्ती, अमल विश्वास, किशन पटेल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

# देवघर : मेयर और 36 वार्ड पार्षदों ने ली शपथ



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** विकास भवन सभागार में गुरुवार को आयोजित समारोह में मेयर और 36 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन संथाल परगना कमिश्नर ने किया। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई।

समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। शपथ ग्रहण के साथ ही नगर निकाय के नए कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत हो गई। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर डीसी,उप विकास आयुक्त सहित जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं और शहर के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने की अपेक्षा जताई। समारोह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण के बाद नव निर्वाचित मेयर और वार्ड पार्षदों ने शहर के विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नगर की प्रगति के लिए समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## देवघर के मेयर रवि राउत व डिप्टी मेयर टीप चटर्जी का बीस सूत्री कार्यालय में स्वागत



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** नगर निकाय चुनाव में देवघर नगर निगम के मेयर पद पर विजय प्राप्त करने के बाद महापौर रवि राउत तथा उप महापौर के चुनाव में जीत दर्ज करने वाली टीप चटर्जी ने विकास भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के पश्चात जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति कार्यालय में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय एवं समिति के सदस्यों द्वारा मेयर रवि राउत और डिप्टी मेयर टीप चटर्जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया और सभी ने अपनी खुशी व्यक्त की। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय ने कहा कि एक साधारण परिवार का बेटा मेयर तथा देवघर की बेटी डिप्टी मेयर बनकर समाज के लिए प्रेरणा बने हैं। उन्होंने कहा कि रवि राउत जनसाधारण के बीच काफी लोकप्रिय हैं और उनके नेतृत्व में देवघर नगर का अपेक्षित विकास निश्चित रूप से होगा। वहीं मेयर रवि राउत एवं डिप्टी मेयर टीप चटर्जी ने स्वागत से अभिभूत होते हुए कहा कि सभी के सहयोग से देवघर नगर की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। नगर की मूलभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा हर वार्ड को ध्यान में रखते हुए समान भाव से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं समिति सदस्य प्रो. उदय प्रकाश, वर्तमान जिलाध्यक्ष एवं सदस्य राजेन्द्र दास, सुरेश साह, जीपी धनंजय मंडल, समिति सदस्य एवं कांग्रेस नेता दिनेश कुमार मंडल, सदस्य एवं झामुमो नेता मनोज कुमार दास, दिनेश्वर किश्कू, राजीव कुमार सहित गोपाल दास, कुमार राज एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मधुपुर में आज अध्यक्ष और 23 पार्षद लेंगे शपथ

**मधुपुर ।** शहर के लोकतांत्रिक इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। देवघर जिला प्रशासन की देखरेख में आज, 14 मार्च को मधुपुर नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सभी 23 वार्ड पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह मधुपुर के किसान भवन सभागार में सुबह 11:00 बजे शुरू होगा, जिसकी पूरी देखरेख देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशन में की जाएगी।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह कार्यक्रम केवल शपथ ग्रहण तक सीमित नहीं रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने के ठीक बाद नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र दास का बीस सूत्री कार्यालय में स्वागत



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति द्वारा देवघर जिला कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं जिला बीस सूत्री सदस्य राजेन्द्र दास का जिला बीस सूत्री कार्यालय में बड़े ही आत्मीय वातावरण में स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय के नेतृत्व में समिति के सदस्य प्रो. उदय प्रकाश,दिनेश कुमार मंडल तथा झामुमो नेता मनोज कुमार दास सहित अन्य सदस्यों ने दास का अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कैंप लगाकर खिलाई जा रही फाइलेरिया की दवा



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड रांची के आदेश तथा जिला भीबीडी पदाधिकारी के निर्देश पर एमडीए कार्यक्रम 2026 के मोपअप राउंड के बाद रिफ्यूजल ग्रामों में विशेष कैंप लगाकर अन्य बीमारियों के इलाज के साथ-साथ सर्वजनों को एमडीए की दवा का सेवन कराया जा रहा है। कैंप के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार, एमपीडब्ल्यू नीरज कुमार पांडे, एमपीडब्ल्यू धीरेंद्र कुमार दास, एमपीडब्ल्यू प्रणय कुमार मिश्र, पीरामल फाउंडेशन के पिंटू कुमार तिवारी, संबंधित क्षेत्र की पर्यवेक्षक एएनएम अर्चना कुमारी एवं ग्राम की सहिया उपस्थित थीं।

## सीओ ने दिए राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**मधुपुर ।** अंचल कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को राजस्व से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर अंचलाधिकारी यामुन रविदास की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व निरीक्षक एवं अंचल के राजस्व कर्मचारियों के साथ विभिन्न लंबित मामलों और राजस्व वसूली की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सीओ यामुन रविदास ने राजस्व से जुड़े सभी कार्यों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से लंबित खारिज-दाखिल मामलों को जल्द से जल्द निपटाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। सीओ यामुन रविदास ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि मार्च महिना में वसूली में तेजी लाते हुए लक्ष्य को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी मूल रैयतों और प्रधानों के सहयोग से राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी राजस्व में वृद्धि हो सके और विकास कार्यों में गति आए।

## मधुपुर की टीटीआई सुष्मिता बॉस को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पीसीसीएम अवार्ड



**मधुपुर ।** आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत मधुपुर में कार्यरत टीटीआई सुष्मिता बोस को उत्कृष्ट कार्य और ईमानदार सेवा के लिए पीसीसीएम अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कोलकाता में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया, जहां पीसीसीएम उदय शंकर झा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मधुपुर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग ब्रांच में पदस्थापित टीटीआई सुष्मिता बोस को पूर्व रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी और अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करने के लिए इस सम्मान के लिए चुना गया। रेलवे प्रशासन ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया, ताकि अन्य रेलकर्मी भी उनके कार्यों से प्रेरणा ले सकें।

## चौथे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़



**मधुपुर ।** पवित्र माह रमज़ान के 23वें रोज़े और चौथे जुमा के मौके पर मधुपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाज़ अदा करने के लिए रोज़ेदारों और नमाज़ियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जुमा की नमाज़ को लेकर सुबह से ही मस्जिदों में खासा उत्साह और रौनक देखने को मिली। शहर के थाना रोड स्थित पीर साहब मस्जिद में नमाज़ियों की सबसे अधिक भीड़ रही। नमाज़ से पहले और बाद में लोगों ने अल्लाह की इबादत कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

### देवघर में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# मानव तस्करी एक संगठित अपराध है : विजया रहाटकर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सूचना भवन सभागार में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विजया रहाटकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी सौरभ सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में पुलिस विभाग, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव तस्करी के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और इस अपराध को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि मानव तस्करी एक संगठित अपराध है, जिसमें लोगों को बहला-फुसलाकर या दबाव बनाकर मजदूरी, देह व्यापार और अन्य अवैध गतिविधियों में धकेल दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए समाज के हर वर्ग की सतर्कता और सहयोग जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी मानव तस्करी से जुड़ी कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें और बच्चों तथा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमेशा सजग रहें। इस दौरान डीसी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाज की जागरूकता सबसे अहम है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की जन सुनवाई, महिलाओं की शिकायतों पर दिए कार्रवाई के निर्देश



**देवघर ।** जिले में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार पहल के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की। जन सुनवाई के दौरान महिलाओं से जुड़े विभिन्न मामलों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ भी मौजूद रहे। जन सुनवाई में कई महिलाओं ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे आयोग के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने सभी मामलों को दर्ज करते हुए त्वरित समाधान का भरोसा दिया।

# बड़े नालों की सफाई व्यवस्था का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, अतिक्रमण पर जताई चिंता



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** शहर में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने और स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ने निगम की टीम के साथ विभिन्न इलाकों में बड़े नालों की सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त और अभियंता शाखा के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में हरिहरबाड़ी, दाता मजार के समीप स्थित बड़े नाले, शिवगंगा के चारों ओर तथा लक्ष्मीपुर चौक से भट्टर धर्मशाला तक बने प्रमुख नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने नालों की सफाई, कचरे के उठाव और जल निकासी की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया तथा कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने संबंधित कर्मियों, कनीय अभियंता और सफाई निरीक्षक को निर्देश दिया कि बड़े नालों की नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर में जलजमाव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और जलभराव से मुक्त रखने के लिए नालों की समय-समय पर सफाई बेहद जरूरी है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई स्थानों पर लोगों ने नालों के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस स्थिति पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट में संचालित विभिन्न कार्यों का जायजा लिया गया और कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लांट में मौजूद आरडीएफ, कम्पोस्ट और अनप्रोसेस्ड कचरे के त्वरित निस्तारण का निर्देश संबंधित एजेंसी के अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि कचरे के प्रसंस्करण की प्रक्रिया तेज और व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो।

# मधुपुर में उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा निषेधाज्ञा लागू, जुलूस और हथियार पर पूर्ण प्रतिबंध

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के तहत मधुपुर नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के अप्रत्यक्ष निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर 14 मार्च को मधुपुर के किसान भवन में उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। इस प्रक्रिया में केवल निर्वाचित अध्यक्ष और वार्ड पार्षद ही भाग लेंगे। प्रशासन को आशंका है कि स्थानीय स्तर पर आपसी प्रतिस्पर्धा और राजनीतिक गुटबाजी के कारण विधि-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसे देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी मधुपुर ने किसान भवन के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

जारी आदेश के अनुसार किसान भवन के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक लोगों के अनावश्यक रूप से एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बैठक स्थल या हॉल में केवल निर्वाचित अध्यक्ष और वार्ड पार्षद ही मौजूद रह सकेंगे। हालांकि सरकारी पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी और उनकी सहायता के लिए अधिकृत सरकारी कर्मियों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। प्रशासन ने इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन और जुलूस पर भी रोक लगा दी है।


## कार्यालय नगर पंचायत, बासुकीनाथ,(बासुकीनाथ, जिला-दुमका)

email-id- nagarpanchayatbasukinath@gmail.com/ nagarpanchayatbasukinath@yahoo.in

**बंदोवस्ती सूचना संख्या ...16..../2025–26**

**(अतिअल्पकालीन)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, बासुकीनाथ अंतर्गत निम्नलिखित आयश्रोत की बन्दोवस्ती खुलेडाक द्वारा दिनांक 19.03.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में नगर पंचायत कार्यालय, बासुकीनाथ में किया जायेगा। निर्धारित तिथि को डाक नहीं होने की स्थिति में अगलीतिथि दिनांक 20.03.2026 निर्धारित किया जाता है। समय एवं स्थान पूर्ववत रहेगा। अधिकजानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

| क्र. | बन्दोवस्ती का नाम | निर्धारित क्षेत्र | बंदोबस्ती हेतु Base Price (Rs.) | डाक बोलने के पूर्व 10 प्रतिशत सुरक्षित जमा राशि(बैंक ड्राफ्टके रूप में)(Rs.) | बंदोबस्ती अवधि | आवेदन प्रपत्र शुल्क (बैंक ड्राफ्टके रूप में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | होर्डिंग शुल्क बंदोबस्ती | सम्पूर्ण नगर पंचायत, बासुकीनाथ | Rs. 781000.00 | Rs. 78100.00 | माहअप्रेल 2026 से माहमार्च 2027 तक | Rs. 5000.00 (Non Refundable) |
| 2 | जरमुंडीहाट वसुली बंदोबस्ती | मौजा–जरमुंडी | Rs. 353000.00 | Rs. 35300.00 | तथैव। | Rs. 1000.00 (Non Refundable) |
| 3 | टाटा धर्मशाला के निकटप्लॉट संख्या–518 परपार्किंग बंदोबस्ती | सैरातप्लॉट संख्या–518 मेंकुल क्षेत्रफल–4080 वर्गफीट | Rs. 102200.00 | Rs. 10220.00 | माहअप्रेल 2026 से माहमार्च 2027 तक (शिवरात्री मेला 2027 को छोड़कर तथा श्रावणी मेला/माह 2026 को छोड़कर) | Rs. 1000.00 (Non Refundable) |
| 4 | बासुकीनाथ बस पडाव में अवस्थित समस्तकटरा/दुकान, यात्री शेड के बगल दुकान (स्टोररूम) तथाअन्य दुकान आदि की बंदोबस्ती | बासुकीनाथ बस पडाव | Rs. 675000.00 | Rs. 67500.00 | माहअप्रेल 2026 से माहमार्च 2027 तक | Rs. 5000.00 (Non Refundable) |
| 5 | नगर पंचायत, बासुकीनाथ के सभी विवाहभवन, सामुदायिक भवन संचालन बंदोबस्ती | सम्पूर्ण नगर पंचायत बासुकीनाथ | Rs. 102100.00 | Rs. 10210.00 | माहअप्रेल 2026 से माहमार्च 2027 तक | Rs. 1000.00 (Non Refundable) |

नोटः–बंदोबस्ती की शर्तें कार्यालय सूचना पट पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगरपंचायत, बासुकीनाथ

PR 374967 District(25-26).D

## कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, शिविर कार्यालय, पाकुड़

**आम सूचना**

**District Level Workshop on Promotion of Women Led Entrepreneurship संबंधित कार्यशाला का आयोजन**

एतद् द्वारा पाकुड़ जिलेन्तर्गत आमजनों एवं विशेश कर महिला उद्यमियों/ईकाईयों को सूचित किया जाता है कि उद्योग विभागान्तर्गत प्रबंध निदेशक, जिडको, रांची, झारखंड के निदेशानुसार पाकुड़ जिलेन्तर्गत एक दिवसीय District Level Workshop on Promotion of Women Led Entrepreneurship संबंधित कार्यशाला पाकुड़ जिला के जिला उद्योग केन्द्र, शिविरि कार्यालय, पाकुड कार्यालय़ अन्तर्गत कार्यालय सभागार/कार्यालय कैम्पस़ में दिनांक 19.03.2026 को समय 10.30 बजे पूर्वाह्न से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त कार्यशाला में भाग लेने की कृपा करें।

आदेशानुसार
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र
पाकुड़

PR 374961 Industries(25-26)D

## Government of Jharkhand
## Urban Development And Housing Department

Nagar Panchayat Rajmahal
Email ID- nprajmahal@gmail.com

पत्रांकः– ..257./न0पं0 दिनांक– 13 मार्च 2026

**Re e-Procurement Very Short Time Tender Notice No.- NPR/12/2025-26**

| क्र0 सं0 | ग्रुप सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | B.O.Q की राशि | अग्रधन की राशि (B.O.Q राशि का 2%) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NPR/12/2025-26/01 | 07 | Construction of Urban Health & Wellness Centres Building, beside kazi house Hatpara ward no.-07 under Nagar Panchayat Rajmahal. | 34,36,681.00 | 68,800.00 | 10,000.00 | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.03.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.04.2026 अपराह्न 12:30 बजे
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, राजमहल

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट : *https://jharkhandtenders.gov.in* में देखा जा सकता है।

Sd/-
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, राजमहल

PR 374998 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

## e-Procurement Cell
## Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Deoghar,

**Very Short Term E-Quotation Invitation Notice**

**RATE PURPOSE ONLY**

**Quotation Reference No -05/EE/BCD/ Deoghar/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Contruction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT& 1500MT Godown at Palojori & Mohanpur, at Deoghar** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers /Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–(1)वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 18.03.2026 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2)वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 25.03.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3)ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 27.03.2026 अपराह्न 3:30 बजे।
(4)ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल देवघर।
(5)ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9162458095
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Deoghar.

PR 374985 (Building)25-26*D

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट), दुमका

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**वित्तीय वर्ष– 2026–27**

**आम सूचना**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रसिकपुर, दुमका के कार्यालय अंतर्गत प्रशिक्षण में होने वाले भोजनादि एवं स्टेशनरी लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु आपूर्ति के लिए इच्छुक एवं अहर्त्ताधारी आपूर्तिकर्त्ता/विक्रेताओं से दिनांक 20.03.2026 के अपराह्न 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता https://dumka.nic.in पर सूचना प्राप्त कर सकते है।

नियम–शर्त्त, निविदा प्रपत्र एवं सामग्री सूची जिला कार्यालय से निर्धारित अवधि में कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

| क्र.स. | निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों का विवरण निम्न प्रकार है:– | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय, दुमका |
| 02 | निविदा जमा करने का स्थान | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय, दुमका |
| 03 | निविदा जमा करने की तिथि | 23.03.2026 को अपराह्न 3:30 बजे तक |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.03.2026 को अपराहन 3.00 बजे |
| 05 | निविदा खोलने का स्थान | झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कार्यालय, खुटाबांध दुमका |

(ह0/–)
प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, दुमका

PR.NO.374976 Human Resource Developement(25-26):D

# सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन ओकाय मेनेत् काना ओना का़मी कातेय उदुक्‌एत् काना : कल्पना सोरेन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र ताला रे विधायक कल्पना सोरेन दो़ सदन रे जा़रूममाहां हिलोक्‌ए मेन केदा जे हेमंत सोरेन ओकाय मेनेत् काना,ओना दो़ का़मी कातेय उदुक्‌एत् काना। कल्पना सोरेन दो़ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसं यक आर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग आर महिला बाल विकास आर सामाजिक सुरक्षा विभाग रेयाक् बजट सत्र रेयाक् खो़ज रे कटौती प्रस्ताव विपक्ष रेय रो़ड़ेत्‌कान ताहेंकाना। उनी दो़य मेन केदा जे अबुआ सरकार बाङ दो़य बो़तो़रो़क् काना आर बाङ दो़य झुका़क् काना। नोआ बजट दो़ मायजीउकोवाक्‌मान-मानो़त, गिदरा़कोवाक् आगाम आर सोमाजिया़ बिचा़र उपा़र रेमेनाक् आकादा।

उनी दो़य मेन केदा जे पो़नो़त रेयाक् लाहान्ती रे मायजीउ दो़ नित बाबाजोना लेका गेको लाहा इदिक् काना आर झारखंड रेन आदहा आबादीला़गित् नोआ दो़ पा़हिल धाव नोङकान योजना आ़गुवाकाना। उनी दो़य मेन केदा जे मंईयां स मान योजना ला़गित् बजट रे 14,065करोड़ टाका रेयाक् प्रावधान



मेनाक्‌आ, नोआ ता़री रे पो़नो़त सरकार दो़ आपनार सापाप्‌को ते मायजीउको जाव चान्दो 2500 टाकाएमाको रेयाक्‌ए का़मी काना। भाजपाको चालाव-बानावेत्‌कान जाहांटाक् पो़नो़त गे आपनार चुनावी वादा दो़ नोङका बाको पुरा़उ आकादा, मेनखान झारखंड सरकार दो़ नोआ ला़गू कातेय उदुक् आकादा। उनी दो़ दो़से लादे केदा जे केंद्र सरकार दो़ छात्रवृत्ति पायसाय काटाव आकादा।

कल्पना सोरेन दो़य मेन केदा जे सावित्रीबाई फुले योजना रेयाक् जो़सदो़ कुड़ी गिदरा़को रे आपनार रे बिसवा़स ढेर ओचोय आर गिदरा़ बापलाको चाबाय गे काना। उनी दो़य मेन केदा जे नोआ बजट दो़दारायकान बिदा़ल उईहा़र दो़हो़ काते सापड़ाव आकाना। बजट रेमायजीउकोवाक् हिस्सेदारी 34 प्रतिशत आर गिदरा़कोवाक् हिस्सेदारी11 प्रतिशत दो़हो़वाकाना। उनी दो़य मेन केदा जे भाजपा दो़ मोटामुटी 18-19 बो़छो़र रेयाक्‌राजपाट रे पो़नो़त रे 12 लाख हो़ड़ पेंशन सोंगेय जोड़ावलेत्‌कोआ,मेनखान अबुआ सरकार रेयाक् मो़ड़ें-तुरूई बो़छो़र रे गे 34 लाखहो़ड़ पेंशन रेयाक् पो़रहो़ एम आकात्‌कोआ। अबुआ सरकार दो़रांची खो़न दो़ बाङ आतो खो़न चालावो़क् काना। हो़ड़ाक् जा़रूड़को धियान रे दो़हो़ काते का़मीयेत् काना।

# सिरा़मंत्री सो़ंगे नेतरहाट आवासीय विद्यालय रेन पा़ठवा़को ञापामेना

**खोबोरिया**

**रांची।** सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन सो़ंगे जा़रूममाहां हिलोक् झारखंड विधानसभा रे मेनाक् मु यमंत्री कक्ष रे नेतरहाट आवासीय विद्यालय, लातेहार रेन पा़ठवा़को ञापामेना। पा़ठवा़ दो़ विधानसभा भ्रमण का़मीहोरा ओ़कते सिरा़मंत्री सो़ंगे ञापाम कातेको गापालमाराव केदा। नोआ ओ़पसो़र रे पा़ठवा़ दो़ सिरा़मंत्री सा़वते आ़डीरा़सका़ साताला़क्‌को गापालमाराव केदा आर उनी सो़ंगे तेको फेटोयेना। सिरा़मंत्री दो़ गिदरा़को ठेन खो़न ओनकोवाक्‌ओ़लो़क्-पाड़हाक् आर आगाम रेयाक् पोन्थाको बाबो़त



रेयाक्‌बानाडाये हाताव केदा आर मो़ने लागाव काते पाड़हाक् आर आपनारकुकमु पुरा़उ ला़गित् बोगेआसे एमात्‌कोआ। नोआ ओ़पसो़र रे पा़ठवा़ दो़ सिरा़मंत्री उनीयाक् चिता़र हों़को चालादेया।

# कुड़ी आ़तकिर मामला रेको साप् केदेया जुवा़न, ञाम केदेयाको कुड़ी

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला रेयाक् बहरागोड़ा थाना टोठ रेओ़ल राकाप् आकान मित्‌टेन अपहरण मामला रे पुलिस दो़ उसा़रा तेका़मीय तुलुच् अंतरराज्यीय स्तर रे आ़डी माराङको जितका़रेना।पुलिस दो़ पश्चिम बंगाल रेयाक् मेदिनीपुर जिला खो़न दुसीको साप् केदेया आर आ़तकिराकादे कुड़ी हों नापाय सा़हिच्‌को ञामरूवा़ड़ केदेया।

मामला रेयाक् एतो़हो़प् दो़ काशाफलिया आतो रेन गिरा़बासी सुरेशपात्रावाक् ला़लिस खो़न होय लेना। उनी दो़ आच् रेन कुड़ीकोआ़तकिराकादे रेयाक् खो़बो़र एमो़क् तुलुच् बहरागोड़ा थाना रे ओ़ल आदेर कातेय ला़लिस लेदा। ला़लिस ञाम तायो़म खान गे पुलिस दो़मामला रेयाक् ला़गिया़पाड़ावो़क् तुलुच् तुरंत गे जांच दो़कोएहो़प् केदा आर मित्‌टेन जा़पुत् टीमको गो़ठो़न केदा। जांच तायो़म तकनीकी सेलाक् गो़ड़ो़ ते दुसीयाक् लोकेशन दो़ पश्चिम बंगाल रेयाक् नयाग्राम थाना टोठा रेयाक् बारडीगा आतो रे ञामो़क्‌रेयाक् बानाडायको ञाम केदा। ओना तायो़म पुलिस टीम दो़ पोन्थावाकात् लेका रे जा़पुद तुलुच् दुसी सागर दंडपात दो़को साप् केदेया। कार्रवाई ताला रे आ़तकिराकादे कुड़ी हों नापाय सा़हिच्‌को ञाम केदेया।

साप् केदे तायो़म पुलिस दो़ दुसी ट्रांजिट रिमांड रे दो़हो़ कातेबहरागोड़ा तेको सेटेरेना।

# झारखंड रेन हो़ड़को ठेन स्वास्थ्य सुबिता सेक्‌टेर रे सहियाकोवाक् माराङएनेम : शशि प्रकाश

**खोबोरिया**

**रांची।** रांची रेयाक् सदर अस्पताल ऑडिटोरियम रे जा़रूममाहां हिलोक् जिला स्तरीय सहिया स मेलन सा़वते सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी स मान सेमेलत् ओरामेना। का़मीहोरा रे माराङ पेड़ा लेकाते अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शशि प्रकाश झाय सेलेत् एना। का़मीहोरा रेयाक् थीम दो़ सेलीब्रेटिंग क युनिटी लीडर्स ताहेंकाना।

---

**पो़नो़त रेन 57 गो़टेच् सहिया पीआरआई मेंबरको बेनावेन दो़ गो़रो़ब काथा काना: निदेशक**

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा दो़य मेन केदा जे पो़नो़त ता़री खो़न जो़तो़कोय बातलावात्‌कोआ जे सहियाको दो़ ओनकोवाक् सारहावपायसा दो़ सो़मो़य रेको ञाममा, जेमो़न



ओनकोवाक् मो़ने रा़सका़क् ताकोआ आर जा़सती रा़सका़ साला़क् ते आपनार का़मीको का़मी दाड़ेयाक्। उनी दो़य लाई केदा जे पो़नो़त रेन 57 गो़टेच् सहिया पीआरआई बेंबरको बेनावाकाना, ओका दो़ आ़डी गो़रो़ब काथा काना। उनी दो़जो़तो़ सहियाको नोआ ला़गित् ते सारहावको तुलुच्‌ए मेन केदा जे नोआ जितका़र दो़ ओनकोवाक् रिनतिरित् कुरूमुटू आर का़मीय रेयाक् गे कुड़ा़ईकान गेया। उनी दो़य मेन केदा जे तेहेञ आतो़को रे जाहां़तिना़क् गे गिदरा़को जानामो़क् काना, ओनको रेन एंगात-आपात दो़ सहिया आ़डी मो़ंज तेकोबाडायकोआ।

सुरक्षित प्रसव, एंगाततेत् आर गिदरा़वाक् निपुट आर टीकाकरण का़मीहोरा जोजाव ओचोय रे सहियाकोवाक् आ़डी माराङ एनेम ताहेंयाकाना। उनी दो़य मेन केदा जे सरकार सेच् खो़न 14 बो़छो़र रेन कुड़ीगिदरा़को सर्वाइकल कैंसर खो़न बांचावको ला़गित् एचपीवी टीका़एमावाको काना। नोआ लाङावना नापाय सा़हिच् ओराम ला़गित् ते आतो-आतो रे हो़ड़ जागवारको आर कुड़ी गिदरा़को स्वास्थ्य केंद्र हा़बिच् आ़गु काते टीकाकरण ओचोको रे सहिया कमिया़कोवाक्‌आ़डी माराङ एनेम मेनाक्‌आ।

# बिर हा़ती दो़ भा़रती हो़ड़मो़ मायजीवये लेबेत् गो़च् केदेया, टोठा रे भो़यो़न पासनावेना

**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला रे बिर हा़तीयाक् आतंक दो़ बाङ गे चाबाक् काना। हा़ली रे गे गोइलकेरा प्रखंड रेयाक् कुईडा पचायत ता़रीसिर्जनकोचा आतो रे मित्‌टेन घो़टना दो़ सो़दो़र एना। ओन्डे सा़रदीमाहां हिलोक् ढेर ञिन्दा़ सेच् हा़ती दो़ भा़रती हो़ड़मो़ मायजीवये लेबेत् गो़च् केदेया। नोआ घो़टना तायो़म पुरा़ आतो रेदुक आर भो़यो़न पासनावाकाना। गो़च्‌एन हो़ड़ाक् पाछनाव दो़ उमा़र 30 बो़छो़र रेन रानी बोयपाई रूप रे होय आकाना। ला़येत् कानाकोजे सा़रदीमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच् आतो आड़े-पासे बिर खो़नमित्‌टेन हा़ती दो़




आचका गे आतो तेय बो़लो़येना। हा़तीको ञेल केदे खान गे आतो रेन हो़ड़ दो़को आंद-मांदावेना आर हो़ड़ दो़ आकोवाक्‌जिवी बांचाव ला़गित् ते हानते-नो़ते दा़दा़ड़को लागावेना। उन ओ़कते रानी बोयपाई दो़ बाय दा़ड़ दाड़ेयादा आर हा़तीयाक् चापो़ट रेयपाड़वेना। हा़ती दो़ उनीय तावाक् कातेत् लेबेत् केदेया, ओना इया़तेउनी दो़ ओन्डे गेय गो़च् एना। घो़टनाको बाडाय ञामकेत् सा़वते गे टोठा रेन प्रशासन आर वन विभाग रेन टीम दो़किन एक्टिव एना। जा़रूममाहां हिलोक् प्रखंड प्रमुख निरूमणी कोड़ा दो़ घो़टना जायगा तेय सेटेर एना आर दुखा़ली घारों़ज सा़व तेय ञापाम एना। नो़ते वन विभाग रेन रेंजर राम नंदन रामाक् आ़युर रेको सेटेरेन टीम दो़ घो़टना जायगाको ञेल ओ़नमान केदा आर आतो हो़ड़ ठेन खो़न घो़टनाको बाडाय केदा। वन विभाग दो़ गो़च्‌एन हो़ड़ रेन घारों़जका़मी सामबड़ाव ला़गित् ते 20 हजार टाका मुअजाये एमावात्‌कोआ।सा़वते गेय मेन केदा जे सारकार सेच् खो़न मुआवजा टाका ला़गित् ते का़मीहो़रा हों़य एहो़प् केदा। पुलिस आर प्रशासन दो़ मा़ंड़ीआकोवाक् गो़बो़ल रे दो़हो़ कातेत् पोस्टमार्टम ला़गित् ते अनुमंडल अस्पताल तेको कोल केदा। सा़वते गे हा़ती दो़ बिर ते लागाये ला़गित् तेटीमको ताड़ांक्‌केत्‌कोआ। जेमो़न दारायकान दिन रे नोङ घो़टना दो़ रो़काव दाड़ेयाक्‌आ।

# जुदा़-जुदा़ लिञ ताहेंन काना मेनखान छाडा-छा़डी दो़ बाय होयकान तालिञा : दिव्या

**खोबोरिया**

**मुंबई।** एक्टेऊस दिव्या अग्रवाल दो़ आयाक् बापला आर आच् जावांयअपूर्वा पडगांवकर ठेन खो़ने बापाक् आकान भुवा़ दो़ पा़हिल धाव साफतेय ला़ई केदा। रियलिटी शो 'द 50' ताक रे कंटेस्टेंट भाव्या सिंह दो़ दिव्या रे गोल्ड डिगरकाने दो़से लादे केदा आर नोआ हों़य दा़बी केदा जे उनी दो़ आच् जावांय ठेन खो़ने बापाक् चुका़वेना। नित दिव्या दो़ नुय दुसी मुरूक ते तेलाये एमावादेया। मित्‌टेन इंटरव्यू रे दिव्या दो़य पुसटा़उ केदा जे उनी आर आच् जावांय ताकिन दो़ जुदा़-जुदा़किन ताहेंकान काना, मेनखान उनी दो़ बाकिनछाडा-छा़डीवाकाना। उनी दो़य मेन केदा जे हें इञ अपूर्वा ठेन खो़न जुदा़ रेञ ताहेंन काना। इञ दो़ इञाक् का़मी जायगा सोर रेञ ताहेंन काना आर उनी दो़ आयाक् वर्कप्लेस सोर रेय ताहेंन काना। आ़लिञ हो़ंदुला़ड़िया़को लेका गेलिञ ञापामो़क्‌कान गेया। आ़लिञाक् बापलाआर दुला़ड़ दो़ पा़हिल लेका गे मेनाक् गेया। हो़ड़ दो़ बिन बुझ आर आ़वड़ीयाक् ते काथाको पासनाव बाड़येत् काना। भाव्या सिंह होतेते दो़से लागावकेत् गोल्ड डिगर रेयाक् दो़स रे दिव्या दो़ आ़डी मो़ज तेतेलाये एमावादेया। उनी दो़य मेन केदा जे इञ गोल्ड डिगर बाङ का़ना़ञ मेनखान खुद इञ डायमंड डिगर तेको ञुमिञ



खो़जो़क् का़ना़ञ। इञजावांय दो़ हीरा कानाय। उनी दो़य मेन केदा तिन रे इञ शो खो़न बाहरे तेञ ओडोक एना अपूर्वा दो़ इञ आ़ड़ी आयमा जो़माक्‌ए आ़गुवादेञा।

# इञाक् निज जियोन रेयाक् मामला बाबो़त रे आलोपे भाबनाक्‌आ : थलापति विजय

**मुंबई।** साउथ रेन सुपरस्टार थलापति विजयाक् बापला जियोन रे जो़तो़वाक् गे ठीक दो़ बाङ चालाक् काना। भुवा़ पासनावाकाना जे बापला काते 27 बो़छो़र तायो़म उनी रेन एराततेत् संगीता सोर्नालिंगम ठेन खो़ने बापाक् दाड़ेयाक्‌आ। नोवाको खो़बो़र तायो़म सोशल मीडिया आर फिल्म जगत रे उनीयाक् निजी जियोन बाबो़त रे आ़डी लेकानाक् काथा हो़ड़ दो़ गालमाराक्‌को एहो़प् केदा।



नित नोवाको भुवा़ ताला रे विजय दो़ पा़हिल धाव नोआ बाबो़त रे आयाक् काथाय दो़हो़ केदा। हा़ली रे गे एक्टर दो़ मित्‌टेन महिला स मेलन रेय सेलेत् एना, ओ़न्डे उनी दो़ आयाक् निजा़र जियोन बाबो़त रेचालाक्‌कान गालमाराकको बाबो़त रे हुडिञ माछा काथाय दो़हो़ केदा।विजय दो़य मेन केदा जे उनी आड़े-पासे रे चालाक्‌कान मुसकिलाक्‌को बाबो़त रे हो़ड़ दो़ बाङ चिन्ता़क् लेककान ताकोआ। उनी दो़य मेनकेदा जे नोआ दो़ उनीयाक् निज मामला काना आर उनी दो़ खुद गे नोआदो़य फान्डावा। विजय दो़ आच् रेन फैंसकोय नेहो़रात्‌कोआ जे नोवाको काथा ते आलोको मुसकिलो़क्‌मा। एक्टर दो़ लाहा सेच्‌ए मेन केदा जेजो़तो़ खो़न जा़सती दुक दो़ उन रेय बुझा़वेत् काना, तिन दो़ उनीयञेला जे उनी खा़तिर ते उनी कुक्‌सीवाय हो़ड़ मुसकिल रेकोपाड़ाक्। विजय दो़य मेन केदा जे उनी रेन फैंसकोवाक् गो़ड़ो़ आर दुला़ड़ गे उनी ला़गित् जो़तो़ खो़न माराङ दाड़े काना आर उनी दो़ बाय खो़जो़क् काना जे उनीयाक् निज जियोन खा़तिर ते जाहांयको मुसकिलो़क्।


## कार्यपालक अभियता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रंमडल सं0–2,दुमका।
### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 31वर्ष 2025–26

1-विभाग का नामः–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,झारखण्ड,राँची।
2-परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक–24-03.2026 अपराह्नउ 3:30 बजे तक।
3-निविदा प्राप्ति की तिथिः–दिनांक–25-03.2026 अपराह्न4:00 बजे तक।
4-निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–दिनांक–25-03.2026 अपराह्न 5:00 बजे।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमकां।
(2)सहायक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता अवर, बासुकीनाथ।
(3)सहायक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता अवर, सं0 2, दुमका।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः–कार्यपाल कअभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमका।
7- निविदा खोलने का स्थानः–कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2,दुमका।
8- कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र0 | योजना का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of water supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set for GobardhanYojna, Village- Balathar, Panchayat- Thekchaghongha, Jarmundi Block. Extra Deep T/W of 125/115mm Dia, 120 mtrs deep Drilled Tube Well for supply water 2000 LPH supply in Dumka District"on turn key Basic" | GOB/ JAR-1 | 265603.00 | 12500.00 | 750.00 | 15 Days |
| 2 | Construction of HYDT and 1 HP Motor Pump (A.C) Complete Set for Running Plastic Waste recycling Center at Block-Jama in District-Dumka "on turn key Basic" | PWR/ JAMA-2 | 448884.00 | 10000.00 | 1250.00 | 15 Days |

नोटः– (1) निविदाकी शर्त्ते एवं परिमाणविपत्र विभाबीय वेबसाईट http://dwsd.jharkand.gov.in एव http://112.133.209.136:8000/dwsd पर अपलोड रहेगा। इच्छुक,tsalh@laosnd परिमाण विपत्र वेबसाइट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है, परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निधारित मूल्य का बैंक ड्रफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेंगे,जो कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2,दुमका के पदनाम से भुगतेय होगा।
(2) निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर भी देखी जा सकती है।

(ई0 रमेश कुमार लोहरा)
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
संख्या–2,दुमका

PR 374989 Drinking Water and Sanitation(25-26)D



## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गोड्डा।

(सामान्य शाखा)

–: आवश्यक सूचना :–

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गोड्डा जिलान्तर्गत विज्ञापन सं0–01/2025 के तहत ग्रामीण/शहरी गृह रक्षकों के रुप में नव–नामांकन हेतु सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि गृह रक्षक नव–नामांकन हेतु शारीरिक जाँच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा की संभावित तिथि–17.03.2026 से निर्धारित है। सभी अभ्यर्थी संभावित तिथि को प्रवेश–पत्र के साथ पहचान के लिए फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा–आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/PAN कार्ड/ड्राइविंग लाईसेंस एवं दो रंगीन फोटो के साथ राजेन्द्र स्टेडियम, उर्जानगर, महागामा में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

गृह रक्षक शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा हेतु प्रखण्डवार संभावित तिथि की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | दिनांक | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | सुन्दरपहाड़ी | 17.03.2026 | राजेन्द्र स्टेडियम, उर्जानगर, महागामा |
| 2 | बसंतराय | 18.03.2026 | |
| 3 | महागामा | 19.03.2026 | |
| 4 | ठाकुरगंगटी | 23.03.2026 | |
| 5 | पथरगामा | 24.03.2026 | |
| 6 | बोआरीजोर | 25.03.2026 | |
| | | 28.03.2026 | |
| 7 | पोडैयाहाट | 29.03.2026 | |
| | | 01.04.2026 | |
| 8 | मेहरमा | 02.04.2026 | |
| | | 04.04.2026 | |
| 9 | गोड्डा | 06.04.2026 | |
| | | 07.04.2026 | |
| 10 | गोड्डा (Technical) | 08.04.2026 | |
| 11 | गोड्डा (Non-Technical) | | |

शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला चयन समिति द्वारा निर्धारित तिथि, गतिविधियों की समय–सारणी (Time Slot) तथा अभ्यर्थियों से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को **www.godda.nic.in** पर अपलोड किया जायेगा।
नोट :– परिस्थितिवश/आवश्यकतानुसार शारीरिक जाँच/लिखित परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया जा सकता है।

उपायुक्त,गोड्डा।

PR 374943 District(25-26)D



## कार्यालय नगर पंचायत, राजमहल
**अन्तर्राज्जीय बस स्टैण्ड के पास, मटियाल, राजमहल, साहेबगंज, 816108**
**Email ID- nprajmahal@gmail.com**

पत्रांक : ...256./न0पं0 –: सूचना :– दिनांक : 13 मार्च, 2026

**: नगर पंचायत, राजमहल क्षेत्रांतर्गत दुकानों के आवंटन हेतु विवरणी :**

1. आवेदन प्राप्ति की तिथि :– 20.03.2026 से 23.03.2026 तक
2. आवेदन जमा करने की तिथि :– 30.03.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक
3. आवेदन खोलने की तिथि :– 30.03.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से
4. आवंटित की जाने वाली कुल दुकानों की संख्या :– 35(पैंतीस)
5. आवेदन शुल्क :– 100(एक सौ) रूपये मात्र

| क्र0 | स्थल का नाम | दुकान की विवरणी | दुकान नम्बर | कुल 100% अग्रिम राशि | मासिक किराया | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 07 में रविवार हाट मार्केट कॉम्प्लेक्स | प्रथम तल्ला (सड़क किनारे) | 01 से 05 | 25,000.00 | 1,500.00 | एक होल्डिंग धारक/संस्था/बैंक 'षाखा को एक से ज्यादा दुकान आवंटित किया जा सकता है। |
| 2 | | प्रथम तल्ला (अंदर) | 06 से 15 | 15,000.00 | 1,200.00 | |
| 3 | | द्वितीय तल्ला (सड़क किनारे) | 16 से 20 | 20,000.00 | 1,200.00 | |
| 4 | | द्वितीय तल्ला (अंदर) | 21 से 30 | 10,000.00 | 1,000.00 | |
| 5 | वार्ड नं0 12 में अन्तर्राज्जीय बस अड्डा कैंपस | – | 01, 02, 04, 06 एवं 07 | 25,000.00 | 1,500.00 | |

**दुकान आवंटित हेतु शर्तेः–**
1. आवेदन के साथ निर्धारित 100% अग्रिम राशि का बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, राजमहल(Executive Officer, Nagar Panchayat Rajmahal) के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा।
2. कुल प्राप्त आवेदनों पर निविदा समिति की बैठक में निर्णय लिया जायेगा, जो अंतिम निर्णय होगा। उस पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
3. कार्यालय द्वारा निर्धारित प्रतिमाह दुकान का भाड़ा कार्यालय आकर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लॉटरी द्वारा दुकान आवंटन की कार्रवायी की जाएगी।
5. सभी आवंटित दुकानदारों को अपना–अपना ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य होगा।
6. एक होल्डिंग धारक को एक से ज्यादा दुकान आवंटित किया जाएगा।
7. दुकानों का एकरारनामा 03(तीन) वर्षो के लिए ही किया जाएगा।
8. एकरारनामा समाप्त होने के पश्चात संबंधित दुकानदारों को अग्रधन राशि का 80% ही भुगतान की जाएगी।
9. संबंधित दुकानदारों द्वारा एकरारनामा की 100% शर्तों का पालन होने पर ही पुनः अवधि विस्तार एवं दुकान की मासिक दर वृद्धि कर पुनः एकरारनामा करने की नियमानुसार अग्रेतर कार्रवायी की जाएगी।
10. आवेदकों का कार्यालय नगर पंचायत, राजमहल में किसी भी प्रकार का बकाया रहने पर दुकान आवंटन हेतु उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
11. निविदा समिति की बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर लॉटरी द्वारा दुकान आवंटन की कार्रवायी की जाएगी।
12. उपरोक्त विवरणी से संबंधित जानकारी कार्यालय नगर पंचायत, राजमहल से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर किया जा सकता है।

Sd/-
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, राजमहल

**PR 374996 Urban Development and Housing(25-26)#D**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**e-Tender Reference No.-DSWO/MID/GODDA/ F2-14/2025-26 Date-13.03.2026**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।
2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि : 20.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 04.04.2026 अपराहन 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : 06.04.2026 अपराहन 05:00 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई, प्रमंडल, गोड्डा।

| ग्रुप सं0 | कार्य का मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | DSWO FUND | Construction of Toilted, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting in 20 Number of Anganwadi Center Under Mahagama Block of Godda District. | Mahagama | 14,43,000.00 | 30,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 2 | DSWO FUND | Construction of Toilted, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting in 20 Number of Anganwadi Center & 01 Number Rain Water Harvesting in Different Anganwadi Center Under Mahagama Block of Godda District. | Mahagama | 14,59,000.00 | 30,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 3 | DSWO FUND | Construction of Toilted, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting in 18 Number of Anganwadi Center & 32 Number Rain Water Harvesting in Different Anganwadi Center Under Meharma Block of Godda District. | Meharma | 18,10,700.00 | 37,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 4 | DSWO FUND | Construction of Toilted, Drinking Water Facilities, Rain Water Harvesting in 15 Number of Anganwadi Center & 12 Number Rain Water Harvesting in Different Anganwadi Center Under Boarijore Block of Godda District. | Boarijore | 12,74,250.00 | 26,000.00 | 2500.00 | 03 माह |

**नोटः**1.केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा। ग्रुप सं0–10 में जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची से पंजीकृत संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
5-Work performance :- पूर्व से आवंटित कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण नहीं रहने तथा समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने पर अन्य कार्यो में डाली गई निविदा विचारणीय नहीं होगा।
6. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर लॉग आन करें।

कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा
Mob.- 9939708923

PR 375018 (Minor Irrigation)25-26*D

# गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों और राइस मिलर्स के साथ आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता से जुड़ी बुनियादी सेवाओं की उपलब्धता और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने दावा किया कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। इस पर उपायुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि गैस की कालाबाजारी को हर हाल में रोका जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी अधिक कीमत वसूलने या अनियमित वितरण की शिकायत मिली, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने गैस वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने और उपभोक्ताओं को निर्धारित सरकारी दर पर ही सिलेंडर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में गैस बुकिंग के नए समय अंतराल की भी जानकारी दी गई। इसके तहत अब शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता सिलेंडर प्राप्त करने के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता 45 दिन बाद ही दोबारा गैस बुकिंग करा सकेंगे।

इसके अलावा उपायुक्त ने राइस मिलर्स के साथ धान अधिप्राप्ति कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मिलर्स को धान खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य 31 मार्च तक जारी रहेगा और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

## दुमका : अफवाहों से मची अफरातफरी गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़



**दुमका(ब्यूरो)।** शहर में रसोई गैस की किल्लत की अफवाह ने लोगों के बीच हड़कंप मचा दिया है। बख्शी बांध रोड स्थित अंचित इंडेन गैस एजेंसी के बाहर पिछले कुछ दिनों से उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को भी गैस सिलेंडर बुक कराने और लेने के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं, जिनमें पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल दिखीं।

बताया जा रहा है कि ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर सोशल मीडिया पर रसोई गैस की सप्लाई प्रभावित होने और भारी किल्लत की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। इसी आशंका के कारण लोग जल्द से जल्द सिलेंडर लेने और घरों में स्टॉक करने के लिए एजेंसी पहुंच रहे हैं।

इस बीच 7 मार्च 2026 से 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी भी हुई है। दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 913 रुपये से अधिक हो गई है। कीमतों में संभावित और वृद्धि की आशंका से भी उपभोक्ताओं में चिंता देखी जा रही है।

सरकार ने बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। अब एक सिलेंडर की डिलीवरी के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग के लिए न्यूनतम 25 दिनों का अंतर अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि पहले यह अवधि 21 दिन थी। साथ ही 31 मार्च 2026 तक सभी उपभोक्ताओं के लिए बायोमेट्रिक केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। इसी प्रक्रिया के चलते भी गैस एजेंसी पर भीड़ बढ़ गई है।

हालांकि सरकार और तेल कंपनियों ने साफ किया है कि देश में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और सप्लाई चेन पूरी तरह सुरक्षित है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक पैनिक बुकिंग से बचें।

## स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर 55 लाख की लूट सरकारी अमले और बिचौलियों के गठजोड़ का भंडाफोड़

**रानीश्वर ।** प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन की राशि में सेंधमारी का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा धानभाषा और आसनबनी पंचायतों में किए गए औचक निरीक्षण ने भ्रष्टाचार के उस सिंडिकेट को बेनकाब कर दिया है, जो शौचालय निर्माण के नाम पर सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगा रहा है। जांच के दौरान लगभग 55 लाख रुपये के फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई है। इस घोटाले की जड़ें जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक फैली हुई हैं, जिसमें विभाग के कर्मचारी और बिचौलिए सक्रिय रूप से शामिल हैं। बीडीओ की इस कार्रवाई ने यह अंदेशा पैदा कर दिया है कि भ्रष्टाचार का यह खेल केवल एक प्रखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले में इसी तरह सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही है। हैरत की बात यह है कि जब इस गंभीर गबन के बाबत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई चांद हेम्ब्रम से संपर्क किया गया, तो उन्होंने नगर परिषद चुनाव की व्यस्तता का हवाला देते हुए मामले को टाल दिया। फिलहाल, भ्रष्टाचार के इस बड़े रैकेट के सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मचा है और अब इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## असित कुशवाहा युवा आजसू के जिला प्रभारी नियुक्त



**दुमका:** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार संगठन विस्तार के तहत युवा आजसू में जिला वार प्रभारियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में दुमका जिले से असित कुशवाहा को युवा आजसू का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और जिले के युवाओं को जोड़ने का अभियान और तेज होगा। असित कुशवाहा की इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम जयदेव मंडल, ललन मिश्रा, अनुनय मंडल, आनंद मांझी, सितेन मंडल, सपन देहरी, कर्पूरी ठाकुर, कृष्ण माझी, सदानंद लायक, मणिलाल मांझी,चंदन कुमार,अरविंद राउत,मार्शल टुडू, केशव मंडल,शशि पाल,रवि मुर्मू,नयन मंडल,मनोज राय,अजीत कुमार ,प्रद्युम्न कुमार,अर्जुन साह भीम नारायण, बिकाश यादव,शाकिर कुमार शामिल रहे।

## पुल के नीचे मिला युवक का सड़ा-गला शव

**हंसडीहा:** हंसडीहा-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित बसवेरवा पुल के नीचे से एक युवक का सड़ा-गला शव बरामद होने के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के आलूबरा गांव निवासी सुदर्शन यादव के पुत्र बलराम यादव के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, बलराम हंसडीहा स्थित डेयरी इंजीनियरिंग कॉलेज में मजदूरी करता था। वह बीते मंगलवार को काम पर निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान उसका शव पुलिया के नीचे संदिग्ध अवस्था में पाया गया। परिजनों ने गांव के ही कुछ युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मजदूरी के पैसों को लेकर बलराम का गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। परिजनों का शक तब और गहरा गया जब मंगलवार से ही गांव के तीन युवक–मनोज यादव, लखन यादव और एक अन्य भी रहस्यमय तरीके से गायब हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि आपसी रंजिश के कारण बलराम की हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को पुल के नीचे फेंक दिया गया। पुलिस अब फरार युवकों की तलाश और मामले की तहकीकात में जुट गई है।

## बैंकर्स समिति की बैठक में समय पर ऋण देने का निर्देश

**सरैयाहाट।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। एलडीएम आशुतोष सिंह की अध्यक्षता और अंचलाधिकारी राहुल कुमार शानू की गरिमामयी उपस्थिति में हुई इस बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और वित्तीय समावेशन को मजबूती देना रहा। बैठक के दौरान एलडीएम आशुतोष सिंह ने बैंकों को निर्देशित किया कि वे सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं, जैसे किसान क्रेडिट कार्ड और जेएसएलपीएस के तहत स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऋण वितरण में देरी से पात्र लाभुक योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं, इसलिए आवेदनों का निष्पादन समय सीमा के भीतर होना चाहिए। अंचलाधिकारी राहुल कुमार शानू ने बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बैंक और प्रखंड प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी आवेदन को बेवजह लंबित न रखा जाए। यदि किसी आवेदन में कोई तकनीकी त्रुटि हो, तो उसे तुरंत संबंधित विभाग को वापस भेजें ताकि उसमें सुधार कर उसे दोबारा प्रोसेस किया जा सके।

## महिला सफाई कर्मियों सम्मानित



**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ नगर पंचायत कार्यालय परिसर में शुक्रवार को नारी लीड स्वच्छता अभियान के तहत महिला सफाई कर्मियों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नपं सफाई कर्मियों के समर्पण और योगदान को सम्मानित किया गया। बासुकीनाथ नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सार्जेंट मरांडी ने महिला सफाई कर्मचारियों को, सुरक्षा किट और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर महिलाओं की सामाजिक और प्रशासनिक भूमिकाओं पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नपं के पदाधिकारियों ने महिला कर्मियों के अथक परिश्रम की सराहना की और उन्हें समाज का अभिन्न अंग बताया। कहा कि नगर पंचायत की महिला सफाईकर्मी पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करती हैं। मौके पर नपं प्रबंधक प्रियंका कुमारी, कुंदन कुमार, भाष्कर पंडा, आदित्य शर्मा आदि मौजूद थे।

## मां भगवती की आराधना से भक्तिमय हुआ वातावरण

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के बनवारा पंचायत अंतर्गत ग्राम बांधडीह में आयोजित सात दिवसीय आदिशक्ति भगवती की पूजा के आयोजन में माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। दूर दूर से मां भगवती के दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में भक्त बांधडीह पहुंच रहे हैं। आदिशक्ति माता भगवती की उपासना के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं प्रतिनिधि रात्रि में माता भगवती की महिमा से ओतप्रोत संगीतमय श्रीमद्देवीभागवत की प्रस्तुति पंडित निरंजन ठाकुर द्वारा की जा रही है। संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत की कथा सुनने के लिए कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। श्रीमद् देवी भागवत की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं। श्रीमद् देवी भागवत की कथा सुनाते हुए पंडित निरंजन ठाकुर ने वेद खंड पर चर्चा की। उन्होंने भक्तों को कहा कि कलियुग में मां भगवती की पूजा अर्चना भक्तों को माया के जंजाल से मुक्त कर सर्व सुलभ मातृकृपा प्रदान करती है।

## जब जीव में अभिमान आता है तो भगवान उनसे दूर हो जाते हैं : धनुर्धाचार्य



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड अन्तर्गत बनवारा पंचायत के बांधडीह गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा सुनने के लिए कथा पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रीधाम वृंदावन के कथा वाचक धनुर्धाचार्य जी महाराज ने शुक्रवार को श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह प्रसंग को सुनाया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं गयी। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का भी वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि महारास लीला के दौरान पुनीत जीवात्मा के रूप में गोपियों का मिलन परमात्मा भगवान श्रीकृष्ण से हुआ है। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। कथा व्यास ने कहा जब जब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाते है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है।

## संसद में गूंजी झारखंड की बिजली समस्या : सांसद नलिन सोरेन ने ऊर्जा मंत्री से मांगा बिजली उत्पादन का हिसाब



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका:** दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन ने संसद के मौजूदा सत्र में देश और विशेषकर झारखंड की ऊर्जा व्यवस्था से जुड़े गंभीर सवालों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल से देश में बिजली उत्पादन, मांग और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत ब्योरा मांगा।

सांसद सोरेन ने पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के आंकड़ों का हवाला देते हुए तापीय, जल, परमाणु और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से होने वाले उत्पादन की जानकारी चाही। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि क्या वर्तमान बुनियादी ढांचा बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम है और झारखंड जैसे राज्यों में वितरण की क्या स्थिति है।

नलिन सोरेन के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि भारत की स्थापित विद्युत क्षमता अब लगभग 520.511 गीगावाट तक पहुंच गई है। सरकार का दावा है कि 2014 के बाद किए गए सुधारों से देश 'बिजली कमी' वाले दौर से निकलकर 'बिजली पर्याप्त' उपलब्धता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा है। मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार सौर और पवन ऊर्जा के साथ-साथ ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार पर तेजी से काम कर रही है ताकि आने वाले समय में किसी भी तरह की कमी न हो।

## आपसी विवादों को खत्म करने में मध्यस्थ निभाएंगे बड़ी भूमिका : प्रधान जिला जज




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका:** दुमका के न्याय सदन में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना और कानूनी विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने की रफ्तार तेज करना था। बैठक के दौरान प्रधान जिला जज ने उपस्थित मध्यस्थों को कार्यप्रणाली की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्यस्थता न केवल समय बचाती है, बल्कि समाज में सौहार्द भी बनाए रखती है। उन्होंने रेफरल जजों द्वारा भेजे जाने वाले मामलों के निपटारे में मध्यस्थों से सक्रिय सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव उत्तम सागर राणा ने मध्यस्थता की कानूनी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि न्यायिक दंडाधिकारी मोहित चौधरी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

बैठक में मौजूद प्रशिक्षित मध्यस्थों ने अपने अनुभव साझा किए और फील्ड में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को रखते हुए कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए जरूरी सुझाव दिए। इस पहल से आने वाले दिनों में जिले में अदालती बोझ कम होने और लोगों को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दुमका में साथिया सम्मेलन का आयोजन



**दुमका।** जिला स्वास्थ्य समिति, दुमका की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूत संवाद कार्यक्रम का आयोजन कन्वेंशनल हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति अभिजीत सिन्हा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि किशोरावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इस दौरान सही मार्गदर्शन, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सकारात्मक जीवनशैली भविष्य की मजबूत नींव तैयार करती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ किशोर ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह से 'मिनी द्वारका' बना दुमका, भक्ति के उल्लास में डूबे श्रद्धालु






संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** बड़ा बांध परिसर में आयोजित 'श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा' के छठे दिन शुक्रवार को दिव्य उत्सव का नजारा दिखा। श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री रामचंद्रचार्य जी महाराज के सानिध्य में जब भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग आया, तो पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस अलौकिक विवाह के साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जिससे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। विवाह के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। उत्सव की खुशी में जमकर आतिशबाजी की गई और पूरे परिसर को रोशनी से सजाया गया। आयोजन समिति द्वारा इस खुशी में बड़े पैमाने पर मिठाइयां और महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंच पर सजी भगवान की मनमोहक झांकी और पुष्प वर्षा के बीच हुए भजनों ने उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया।

कथा के दौरान स्वामी जी ने रुक्मिणी जी के अटूट विश्वास और समर्पण की महिमा बताते हुए कहा कि जब भक्ति निस्वार्थ और अडिग होती है, तो स्वयं भगवान को भक्त के पास आना पड़ता है।

## दुमका में महायज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब



**दुमका।** शहर के बड़ा बांध परिसर में आयोजित 'श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ' के दौरान गुरु दीक्षा का कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी रामचंद्रचार्य जी महाराज परमहंस स्वामी श्री आगमानंद जी महाराज और पूज्य श्री अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज के सानिध्य में भक्तों ने गुरु मंत्र प्राप्त किया। महाराज श्री ने गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु का मार्गदर्शन ही जीवन को सार्थकता प्रदान करता है। उन्होंने नए शिष्यों को सदाचार, सेवा और अटूट भक्ति का संकल्प दिलाया। सुबह से ही दीक्षा लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजन कर संतों का आशीर्वाद लिया।

## भाजपा संगठन को धार देने की तैयारी: दुमका के 10 मंडलों में नए अध्यक्षों की घोषणा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता


**दुमका:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर शुक्रवार को दुमका जिले में संगठन को और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने के लिए बड़े बदलाव किए गए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल ने जिले के शेष बचे 10 मंडलों के लिए नए मंडल अध्यक्षों के नामों का आधिकारिक एलान कर दिया है।

संगठन की नई सूची के अनुसार, गोपिकांदर मंडल की जिम्मेदारी रमेश देहरी को सौंपी गई है, जबकि काठीकुंड से अभिजीत सुमन और शिकारीपाड़ा से हेमंत साहा कमान संभालेंगे। इसी क्रम में आसनबनी मंडल से अजय सिंह घटवार, रानेश्वर से विमान सिंह, जामा से रामजस मांझी, सरसडंगाल से विद्युतवरण मंडल, चोटा बेदिया से मनोज हाँसदा, सहारा से सुबोध मंडल और हँसडीहा मंडल से दिनेश कापरी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जहाँ निष्ठा और मेहनत का सम्मान होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये नई नियुक्तियाँ बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाएंगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों से केंद्र और राज्य की जनकल्याणकारी नीतियों को हर घर तक पहुँचाने का आह्वान किया।

इस घोषणा के साथ ही भाजपा जिला परिवार ने सभी नए अध्यक्षों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। माना जा रहा है कि इन नियुक्तियों से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों को नई गति मिलेगी।

## 5 अप्रैल से होगा 'दुमका प्रीमियर लीग'



**दुमका।** खेल जगत में एक बार फिर उत्साह की लहर दौड़ गई है। बहुप्रतीक्षित 'दुमका प्रीमियर लीग' डीपीएल सेशन 2 के आयोजन की रूपरेखा पूरी तरह तैयार कर ली गई है। जिला क्रिकेट संघ , दुमका और प्रायोजक अशोका न्यूकेयर हॉस्पिटल की संयुक्त बैठक में टूर्नामेंट को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण की खिड़की 14 मार्च से 19 मार्च 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में 500 रुपये शुल्क के साथ अपना आधार कार्ड और फोटो जमा करना होगा। इस लीग में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे जो वर्तमान सत्र में जिला क्रिकेट संघ की किसी टीम से जुड़े हैं। पंजीकृत खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला 25 मार्च को होने वाली नीलामी में होगा। इस बार लीग में टीमों की संख्या 6 से 8 के बीच रहेगी। संघ के अध्यक्ष भास्कर अजीत सिंह ने स्पष्ट किया कि टूर्नामेंट में पुराने टीम मालिकों को प्राथमिकता दी जाएगी, हालांकि नए टीम ओनर्स का भी स्वागत है। स्लॉट सीमित होने के कारण पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर चयन किया जाएगा।

## एबीवीपी के प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी ने छात्रों और खिलाड़ियों से किया संवाद



**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री प्रकाश टुटी शुक्रवार को अपने दुमका प्रवास के दौरान सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रों की समस्याओं और परिसर में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। प्रवास के क्रम में प्रदेश मंत्री ने कमरू स्थित आर्चरी एकेडमी का भी दौरा किया। यहां उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल और शिक्षा का संतुलन युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने हॉस्टल से जुड़ी समस्याओं पर खिलाड़ियों और संबंधित लोगों के साथ बैठक कर सुझाव भी प्राप्त किए।

## एनएच-133 के प्रस्तावित फोरलेन बायपास की मांग को लेकर धरना, जताया विरोध



**सरैयाहाट।** नेशनल हाईवे-133 के प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण में सरैयाहाट क्षेत्र के चरकापठार और काकनीय गांव में बायपास निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों और व्यवसायियों ने धरना-प्रदर्शन किया। धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण, दुकानदार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान घनी आबादी वाले इलाके को बचाने के लिए बायपास का निर्माण किया जाए, ताकि लोगों के घर और व्यवसाय प्रभावित न हों। धरना-प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कहा कि फोरलेन सड़क का निर्माण क्षेत्र के विकास और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए किया जा रहा है, लेकिन वर्तमान प्रस्तावित योजना के अनुसार सड़क चौड़ीकरण होने पर चरकापठार और काकनीय गांव के कई घरों और दुकानों पर संकट खड़ा हो जाएगा। इससे सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय विधायक प्रदीप यादव के पुत्र आर्कदित्य भी धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन कर रहे लोगों का समर्थन किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में उत्तम कुमार भगत, महेश मंडल, मनीष सिंह, कुंदन कुमार झा, सुनीलचंद्र दास, आशीष आनंद, श्रीकांत मंडल, लक्ष्मी भगत, राकेश कुमार भगत, गुड्डु, मुन्ना, पंकज भगत, बबलू मंडल, आलोक कुमार, रंजीत कुमार मंडल, प्रदीप ठाकुर, कांग्रेस ठाकुर, सौरभ कुमार, मिथुन पाल, पुरुषोत्तम प्रसाद, विक्रमादित्य, भोला साह, दीपक राज साह, संतोष साह, अनूप साह सहित कई स्थानीय ग्रामीण, दुकानदार और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस की तैयारी: आदिम जनजाति समूह संघर्ष मोर्चा ने बाईक रैली निकाल फूंका बिगुल



**सरैयाहाट:** अखिल भारतीय आदिम जनजाति समूह संघर्ष मोर्चा ने अपने 27वें स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इस उपलक्ष्य में मोर्चा के प्रधान कार्यालय चिहुटिया से एक विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रामप्रवेश राय के नेतृत्व में निकली यह रैली क्षेत्र के दर्जनों गांवों से होकर गुजरी, जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाना और जनजातीय समाज को एकजुट करना था। इस रैली की सफलता में गिरजानंद राय, त्रिलोचन सिंह, विमल राय, राजू राय, हेमलाल सिंह, झारखंडी राय और अजय राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके साथ ही बिजेंद्र सिंह, अकलू राय, सुशील राय, भूषण राय, सीताराम सिंह, निर्मल सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज राय, सत्यनारायण राय, केदार राय, विजय राय, प्रमोद राय, नून देव राय और रामचंद्र राय समेत सैकड़ों समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संगठन की मजबूती का परिचय दिया।

## इग्नू ने जारी की परीक्षा और नामांकन की तिथियां

**रानीश्वर (दुमका):** इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय देवघर के निर्देशानुसार, मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र (87019) के समन्वयक डॉ. गजेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि जून 2026 सत्रांत परीक्षा के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना विलंब शुल्क के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2026 है। इसके बाद 11 से 24 अप्रैल तक 1100 विलंब शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि जून 2026 परीक्षा के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित है। जिन छात्रों ने अभी तक असाइनमेंट जमा नहीं किया है, वे समय रहते केंद्र पर जाकर इसे जमा कर दें। वहीं, जनवरी 2026 सत्र के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया भी जारी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय, रानीश्वर स्थित केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

## पेसा नियमावली के विरोध में महाजुटान की तैयारी

**रानीश्वर:** अंचल सभागार में ग्राम प्रधान माझी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन के भीम प्रसाद मंडल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों और उनके सहयोगियों लेखा होड़ ने क्षेत्र की समस्याओं और संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी 25 मार्च 2026 को प्रस्तावित महा धरना-प्रदर्शन रहा। यह प्रदर्शन पेसा कानून की वर्तमान नियमावली के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान नियमावली ग्राम प्रधानों के अधिकारों और पारंपरिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं है, जिसके खिलाफ एकजुट होना जरूरी है। इस दौरान 25 मार्च के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686